न्यूज ब्रीफ

### करचल में आज होगा बाबा का भव्य शृंगार

**रनियां।** रनियां-मैथा मार्ग पर परसौली गांव के निकट करचल गांव में स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर का जीर्णोद्धार कराने वाले और कार्यक्रम के आयोजक पत्रकार शैलेंद्र तिवारी व शुभम तिवारी ने बताया कि गुरुवार को मंदिर की भव्य सजावट और हनुमान जी महाराज का भव्य शृंगार किया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र की एक भजन कीर्तन पार्टी द्वारा संगीतमय भजनों के साथ श्री रामचरितमानस के सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। समापन अवसर पर आरती व प्रसाद वितरण के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने सभी गांव वासियों, क्षेत्र वासियों, ईष्ट मित्रों से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### रमजान की आहट के साथ बाजारों में दिखने लगी रौनक

**रसूलाबाद :** रमजान का महीना बरकत व बेशुमार रहमत वाला है। इसमें अल्लाह की खास रहमतें मिलती हैं। रोजे रखकर परहेजगार बने। गुनाहों से महफूज रहे। इससे दुनिया और आखिरत दोनों का फायदा है। यह बात मौलाना नायाब खान अजारी ने रमजान महीने की महत्ता बताते हुए कही। बुधवार शाम रमजान का चांद दिखने के बाद शुरू हुए रमजान माह पर मुसलमानों ने एक दूसरे को चांद दिखने और रमजान के महीने के शुरू होने की मुबारकबाद दी। मौलाना अजहरी ने कहा कि मज़हब ए इस्लाम में रमजान के महीने की विशेष महत्ता है। पूरे महीने मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर नमाज पढ़ते हैं। कुरआन पाक की तिलावत करते और फितरा जकात देते हैं। यह महीना बेहद इखलाक और मोहब्बत वाला होता है। पाकीजा रमजान का मुकद्दस महीना 19 फरवरी से शुरू हो रहा है। इसमें अल्लाह की खास रहमतें नाजिल होती हैं। रोजे इंसानों पर फर्ज किये गए ताकि वह मुत्तक़ी और परहेजगार बने। इस प्रकार रमजान की शुरुआत हुई।

### भागवत कथा में पहुंचे सपा नेता वीरसेन

**कानपुर देहात :** मलासा ब्लाक के गांव सरौटा के काली मंदिर में भगवत कथा का आयोजन ग्राम वासियों की तरफ से किया जा रहा है। बुधवार को सपा के वरिष्ठ नेता वीर सेन यादव पहुंचे। उन्होंने व्यास पीठ को नमन किया। कथावाचक लवली शास्त्री को सम्मानित किया। कथा के परीक्षित विकास यादव को भी माला पहनाई। गांव के लोगों ने सपा नेता स्वागत किया। इस अवसर पर राकेश यादव कल्लू यादव पूर्व सदस्य जिला पंचायत, सैनिक प्रकोष्ठ जिला कोषाध्यक्ष कैप्टन रामशंकर प्रजापति, जगपाल सिंह यादव, महेश सिंह, विनोद यादव, माता चरण यादव, श्याम यादव आदि रहे।

### व्यापारियों के साथ बैठक, सुनी समस्याएं

**शिवली।** व्यापार मंडल सुरक्षा प्रभारी एसआई सुभाष सिंह ने बुधवार को शिवली व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। व्यापार मंडल कार्यालय पर आयोजित बैठक में व्यापारियों की समस्याएं सुनी गई। साथ ही सभी व्यापारियों को सुरक्षा का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# पहले दिन तीन हजार से ज्यादा परीक्षार्थी गैर हाजिर

बोर्ड परीक्षा

- चाक चौबंद रहे इंतजाम, नहीं मिला कोई नकलची

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटर मीडिएट की परीक्षाएं बुधवार से प्रारंभ हो गई। पहले दिन दोनों ही कक्षाओं की हिंदी की परीक्षा हुई। कोई भी परीक्षार्थी इम्तिहान में नकल या अन्य अनुचित साधनों के इस्तेमाल में नहीं पकड़ा गया। हाईस्कूल के 1696 और इंटर मीडिएट के 1345 परीक्षार्थी पहले दिन की परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

बुधवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल की हिंदी एवम प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा हुई जब कि शाम को इंटर मीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए हिंदी एवम सामान्य हिंदी का पर्चा हुआ। जिले में हाईस्कूल की परीक्षा के लिए 12968 बालक और 11951 बालिकाएं पंजीकृत हैं। दूसरी तरफ, इंटर मीडिएट के लिए 12742 बालक और 10360 बालिकाएं बोर्ड में रजिस्टर्ड हैं। इस तरह हाई स्कूल के कुल 24919 और इंटर मीडिएट परीक्षा के लिए कुल 23102 परीक्षार्थी कानपुर देहात जिले में परीक्षा देने के लिए पंजीकृत किए गए हैं। 83 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### सुरक्षा इंतजामों के बीच 11 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई बोर्ड परीक्षा

**रसूलाबाद :** हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की शुरू हुई बोर्ड परीक्षाओं के चलते पहले दिन बुधवार को एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने कस्बे के पुराने इंटर कॉलेज अमर शहीद राजा दरियाव चंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान विद्यालय के सीसीटीवी कैमरों का संचालन देखा और कक्षाओं की व्यवस्था भी परखी। एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र के कुल 11 परीक्षा केदों पर हाई स्कूल के 3061 एवं इंटरमीडिएट के 3389 कुल 6450 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने नकल विहीन परीक्षा करवाए जाने के लिए स्वयं औचक निरीक्षण की कमान संभाली है। एसडीएम ने बताया कि प्रदेश का प्रत्येक विद्यालय डिजिटल प्रणाली के तहत सीधे प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जुड़ा हुआ है और वहीं से बैठे-बैठे इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार बैठे हुए हैं। फिर भी उन्होंने बुधवार को अमर शहीद राजा दरियाव चंद्र इंटर कॉलेज रसूलाबाद का निरीक्षण किया है।

चाक चौबंद व्यवस्था के बीच प्रारंभ हुई परीक्षाओं का पहला दिन सख्ती भरा रहा। केंद्र व्यवस्थापकों ने गाइड लाइन के अनुसार प्रश्न पत्र खोले और पारदर्शी माहौल में परीक्षाएं संपन्न कराई। जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों ने परीक्षा पर निगाहें लगाए रखीं। डीआईओएस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले के किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई नकलची नहीं पकड़ा गया है। हालांकि परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति काफी रही है। हाईस्कूल में 1105 बालक और 591 बालिकाएं गैर हाजिर रहीं। इसी तरह, इंटर मीडिएट में 904 बालक और 441 बालिकाएं परीक्षा में शामिल नहीं हुई।



अमर शहीद राजा दरिया चंद्र परीक्षा केंद्र पर पहुंचे एसडीएम। अमृत विचार



सीसीटीवी कैमरा देखते एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह। अमृत विचार

# खेलने को निकला मासूम बच्चा बंबे में डूबा, 1 किमी दूर मिला शव

## राजपुर की घटना, चंपतपुर निवासी कुमकुम कुमारी बच्चे के साथ आई थी ननद के घर

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के राजपुर गांव में बीती शाम रिश्तेदारी में आया मासूम बच्चा खेलते समय कहीं अचानक लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। बुधवार की सुबह बरार गांव के पास शिवली रजबहे में उसका शव उतराता मिला। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। इसके बाद उनमें कोहराम मच गया पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शिवली क्षेत्र के चंपतपुर बारा खेड़ा निवासिनी कुमकुम कुमारी कमल पत्नी स्वर्गीय सुनील कुमार अपनी ननद सुनीता पत्नी शैलेंद्र सिंह निवासी राजपुर शिवली के यहां अपने दो वर्षीय बेटे कार्तिक के साथ आई थी। कार्तिक मंगलवार की शाम लगभग पांच बजे खेलते समय अचानक कहीं गायब हो गया परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। बुधवार की सुबह करीब एक किलोमीटर दूर बरार गांव के पास से निकले शिवली रजबहे में उसका शव पड़ा मिला शव देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की।

जानकारी मिलने पर परिजनों ने वहां पहुंचकर मृतक कार्तिक की पहचान की। इसके बाद चीख पुकार मच गई। मां कुमकुम कुमारी, बाबा शिवराम कमल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक मासूम की साढ़े तीन वर्षीय बहन को क्या पता कि उसके पिता का और इकलौते भाई का साथ छूट गया है। फिलहाल पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में ले पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि मृतक मासूम का शव शिवली रजबहे में बरार गांव के पास से पाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।





जानकारी लेती पुलिस, इसी बंबे में मिला मासूम कार्तिक का शव। अमृत विचार

# रास्ते की बल्लियां हटाने को कहा तो पूर्व ग्राम प्रधान को जमकर पीटा

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** बैरी सवाई चौराहे के पास सड़क पर पड़ी बल्लियां हटाने को कहने पर दबंगों ने बाइक सवार दो युवकों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने पूर्व ग्राम प्रधान पर लाठी डंडों से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। घटना को लेकर पुलिस ने 13 नामजदों समेत आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। दूसरी तरफ, घटना से उत्तेजित पूर्व ग्राम प्रधान के परिजनों ने बुधवार दोपहर सीएचसी पहुंचे और आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा किया।

नुनारी बहादुरपुर औनहां गांव के पूर्व ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि मंगलवार शाम वह अपने साथी बरियन निवादा गांव के पूर्व प्रधान प्रवीण कुमार राजपूत के साथ बाइक से बैरी सवाई गांव गया था। वहां से वापस जाते समय जैसे ही वह लोग चौराहे के पास स्थित हनीफ मोहम्मद के मकान के सामने पहुंचे तो वहां सड़क पर पड़ी बल्लियों को देख उसने बाइक खड़ी कर दी और हनीफ से बल्लियां हटाने के लिए कहा। आरोप है कि वह अभद्रता करते हुए गाली गलौज करने लगा और हनीफ के परिवार के लोग एकत्रित हो गए। वीरेंद्र ने गाली गलौज का विरोध किया तो हनीफ, रज्जाक, यूनुस, जाकिर, जावेद, तौफीक, साहिल, तौहीक, भोलू मोहम्मद, इरफान, अकरम, आरिफ तथा आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम राजकुमार पांडेय, शिवली कोतवाल प्रवीण कुमार यादव, बाघपुर चौकी प्रभारी योगेश शर्मा के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय, सीओ आलोक कुमार, रनियां तथा रसूलाबाद मौके पर पहुंचे हंगामा कर रहे आक्रोशित पूर्व ग्राम प्रधान के समर्थकों को समझाकर शांत कराया। कोतवाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है। एहतियात के तौर पर बैरी सवाई गांव में पुलिस तैनात की गई है।



हंगामे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया। अमृत विचार

### घटना से क्षुब्ध हो पूर्व प्रधान ने की जान देने की कोशिश

- अपने साथ हुईं घटना से क्षुब्ध पूर्व ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार तिवारी ने दोपहर बाद घर पहुंच बाथरूम का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद परिजनों द्वारा आवाज देने के बाद कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा तोड़कर उसे फांसी के फंदे से उतार कर तत्काल उपचार के लिए सीएचसी शिवली लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने एलएलआर अस्पताल हैलट रेफर कर दिया।

# हाईवे पर टकराए तीन वाहन, लगा लम्बा जाम

- किशरवल मोड़ पर परसौली की तरफ मुड़ रहा था मौरंग लदा ट्रक, डीसीएम- कंटेनर घुसे

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** सिकंदरा-कानपुर हाईवे पर बुधवार की सुबह एक साथ तीन भारी वाहनों की टक्कर से अफरा तफरी मच गई। घटना में गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई, जब कि एक गाड़ी का चालक घायल हो गया। वहीं हाईवे पर जाम लग गया।

बुधवार की सुबह करीब छह बजे अकबरपुर से कानपुर जाने वाली लेन पर रनियां क्षेत्र के किशरवल मोड़ पर मौरंग लदा एक डंपर परसौली की ओर मुड़ रहा था। इस दौरान पीछे चल रही एक गैस सिलेंडर लदी डीसीएम धीमी होकर रुक गई। और डीसीएम के पीछे चल रहा कंटेनर ट्रक का चालक समझ नहीं सका और उसने डीसीएम में टक्कर मार दी। पीछे से जोरदार टक्कर लगते ही डीसीएम आगे खड़े डंपर में भिड़ गई। घटना में डीसीएम चालक धर्मेंद्र सिंह राजपूत पुत्र हरिराम निवासी जनासा शिवपुरी एमपी केबिन में फंसकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे डीसीएम चालक को बाहर निकाल कर उपचार के अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने हाइड्रा मशीन से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराकर यातायात सुचारू रूप से चालू कराया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक यातायात व्यवस्था बाधित रही। इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने बताया कि डंपर चालक मौके से भाग निकला है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

# पैराफिट तोड़ नाले में गिरा मौरंग लदा ट्रक, चालक और खलासी घायल

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र के सुरासी गांव के सामने बुधवार भोर पहर नाले में मौरंग से लदा ट्रक पलट गया। इससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हालांकि ट्रक के चालक और खलासी को गंभीर चोटें आई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मौरंग से लदा एक 14 टायर ओवरलोड ट्रक सिकंदरा की ओर से रसूलाबाद की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सुरासी गांव के पास नाले की पुलिया पर पहुंचते ही ट्रक अनियंत्रित हो गया और पैराफिट तोड़ते हुए सीधे नाले में जा गिरा। हादसे में ट्रक के परखच्चे उड़ गए, जबकि चालक और परिचालक घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकालकर पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक मौरंग से ओवरलोड था और अचानक संतुलन बिगड़ने से पुलिया से नीचे जा गिरा। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त पुलिया के आसपास पूर्व में भी कई हादसे हो चुके हैं। कुछ लोगों का मानना है कि चालक ने संभवतः किसी आवारा पशु को बचाने के प्रयास में वाहन से नियंत्रण खो दिया, जबकि अन्य का कहना है कि चालक को झपकी आने के कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया। इस संबंध में मंगलपुर क्राइम प्रभारी कमलेश यादव ने बताया कि हादसे की कोई आधिकारिक सूचना अभी तक थाने में प्राप्त नहीं हुई है। सूचना मिलने पर मामले की जांच-पड़ताल की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुलिया की मरम्मत, मजबूत पैराफिट निर्माण और चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



ओवर लोडिंग के चलते नाले में गिरा ट्रक।

# पुलिस के हत्थे चढ़े 3 शातिर चोरी की बाइक बरामद

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां पड़ाव से एक सप्ताह पहले घर के बाहर से चोरी हुई एक अपाचे बाइक को रनियां पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा।

रनियां कस्बा निवासी रीतेश गुप्ता उर्फ राजा पुत्र दिनेश चंद्र गुप्ता का रनियां पड़ाव पर मकान है। मकान के सामने हाईवे के दूसरी तरफ रनियां बाजार रोड के किनारे उनकी किराने की दुकान है। 10 फरवरी को रीतेश दुकान पर बैठा था और उसकी बाइक उसके घर के बाहर खड़ी थी। अज्ञात चोरों ने बाइक का ताला तोड़कर बाइक पार कर दी। पीड़ित ने रनियां थाने पहुंच कर लिखित तहरीर दी थी। इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने बताया कि रनियां मैथा मार्ग पर बुधवार की भोर गश्त के दौरान उक्त चोरी गई अपाचे बाइक पर सवार तीन संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने चोरी की घटना कुबूल की है। पकड़े गए चोरों के नाम सूरज पुत्र सत्येंद्र सिंह रनियां, सत्यम पुत्र विनोद कुमार, कन्हैया कश्यप पुत्र नन्हे निवासी किशरवल हैं।



पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

शपथ ग्रहण

डीएम और एसपी के अलावा कार्यक्रम में पहुंचे गौरियापुर और पनकी धाम के महंत

# अफसरों की उपस्थिति में पदाधिकारियों ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** बुधवार को भव्य समारोह के बीच अकबरपुर की अधिवक्ता समिति का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। खचाखच भरे पंडाल में मुख्य अतिथि यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एवं मौजूदा सदस्य अजय यादव ने अध्यक्ष विपिन चंद्र दीक्षित तथा अन्य सभी पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में डीएम कपिल सिंह व एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय भी शामिल हुए। उन्होंने नव निर्वाचित कमेटी का आह्वान किया कि वह सभी को साथ लेकर चलें। जिसने साथ दिया, उसका सम्मान करें और जो साथ नहीं रहे, उन्हें भी साथ लेकर चलें। अधिवक्ता सभागार के सामने मैदान पर आयोजित कार्यक्रम के लिए भव्य व्यवस्था की गई। अधिवक्ताओं, अधिकारियों के साथ-साथ यहां मानस तीर्थ नगरी गौरियापुर के महंत देवनारायण दास जी महाराज वैष्णव और पनकी धाम के महंत कृष्ण दास जी महाराज भी शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद मां भारती को प्रणाम कर समारोह की औपचारिक शुरूआत कराई। समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए। इसके बाद मुख्य अतिथि ने समिति के निर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। अजय यादव ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि कमेटी युवाओं की है। इस लिहाज से कार्यकाल जोशीला होना चाहिए। पदाधिकारी सभी को साथ लेकर चलें। डीएम ने कहा कि निर्वाचन एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है। परिणाम आने के बाद मन में किसी तरह का भेद नहीं रहना चाहिए। निर्वाचन के पहले हुई टिप्पणियों को मन में जगह न दें। सभी का साथ लें और सभी के साथ चलें। अध्यक्ष विपिन चंद्र दीक्षित ने सभी को भरोसा दिया कि जिन उम्मीदों के साथ उन्हें दायित्व सौंपा गया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके हृदय में किसी के लिए भी दुर्भावना नहीं है। कार्यक्रम के दौरान समिति के 14 बार लगातार अध्यक्ष रहे दिलीप यादव का सभी ने सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महामंत्री मदन मोहन शुक्ला ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद शफीक कुरैशी, विनोद सक्सेना, जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, पूर्व महामंत्री गिरजा कांत त्रिपाठी सहित विमलेश सविता पूती लाल, मुलायम सिंह यादव, विश्वनाथ कटियार, चौधरी भूपेंद्र रहे।



शपथ ग्रहण के दौरान पूर्व प्रवक्ता अखिलेश दीक्षित का सम्मान करते डीएम व महंत।

### बेटे की कामयाबी के साथ पिता का सम्मान

- कहते हैं कि पिता के लिए पुत्र की सफलता से बड़ा कोई स्वप्न नहीं होता। पिता चाहता है कि उसकी पहचान बेटे के नाम से हो। बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अध्यक्ष विपिन दीक्षित के पिता और अकबरपुर इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता अखिलेश दीक्षित उपस्थित थे। संचालक मदन मोहन शुक्ला ने सम्मान के लिए उन्हें मंच पर आमंत्रित किया। डीएम और साधु-संतों सहित सभी अतिथियों ने फूल मालाएं पहनाई तो श्री दीक्षित की आंखे द्रवित हो उठीं। पुत्र की कामयाबी और पिता का सम्मान एक साथ देख सामने बैठे लोगों ने खुलकर तालियां बजाई। क्षण सभी को भावुक कर देने वाला था।

# विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ हुई कलश स्थापना

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** बुधवार को अपौना ग्राम में भव्य एवं पारंपरिक परिधानों के साथ बड़ी संख्या में सिर पर कलश रखे महिला श्रद्धालुओं की कलश यात्रा के साथ सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा ग्राम के सभी मंदिरों व गलियों से होते हुए रिंद नदी पर पहुंची जहां पर कलश में जल भरकर भागवत पंडाल में पहुंची। विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित किए गए।

आरती के पश्चात कथा व्यास धर्मेंद्र कृष्ण त्रिपाठी ने उपस्थित श्रोताओं को सर्वप्रथम श्रीमद् भागवत कथा की महिमा सुनाई। कथावाचक ने बताया कि ब्रह्मांड में सभी कथाओं में भागवत कथा श्रेष्ठ मानी गई है। इस कथा के श्रवण मात्र से ही पापों से मुक्ति मिल जाती है। श्रीमद् भागवत कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है। इस कथा को सर्वप्रथम अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था। इसके प्रभाव से उनके अंदर तक्षक सर्प के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हो गया था। इस अवसर पर परीक्षित विनय प्रताप पांडेय , रानी देवी, रामगोपाल , विटान देवी, अंकुर त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, सुरेंद्र ,सुभाष, संदीप, शशिकांत , अक्षत , शुभम, नैतिक , शुभ सहित समस्त ग्रामवासी व अन्य श्रोता मौजूद रहे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिला-पुरुष। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी हुआ घायल

**घाटमपुर।** घाटमपुर में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके साथ में बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना राहा मोड़ के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान कमलेश पुत्र फूल सिंह के रूप में हुई है, जबकि शोभित पुत्र कमलेश गंभीर रूप से घायल है और उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए फरार वाहन की तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### हादसे में चार जख्मी

**कुरारा।** कालपी हमीरपुर हाईवे पर गल्ला मंडी के पास ई रिक्शा व बाइक की टक्कर होने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लेकर गए जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। कालपी हमीरपुर हाईवे पर बुधवार को गल्ला मंडी के पास बाइक व ई रिक्शा की जोरदार टक्कर हो जाने से बाइक सवार आसिफ (28) पुत्र अमानत वार्ड नंबर 6 निवासी कुरारा व ई रिक्शा में सवार जगदेव (55) पुत्र भगवानदीन निवासी जल्ला, धीरज (35) पत्नी पुष्पेंद्र निवासी शीतलपुर, राजकली (40) पत्नी तेज प्रताप निवासी शीतलपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर गए जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

### ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**हमीरपुर।** विवाहिता ने पति सहित आधा दर्जन ससुरालियों पर दहेज में पांच लाख रुपये मांगने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम मसगवां निवासी अपर्णा द्विवेदी ने बताया कि उसका विवाह तीन साल पहले मथुरा निवासी संदीप द्विवेदी के साथ हुआ था। तभी से ससुराल वाले पांच लाख रुपये की मांग कर उत्पीड़न करते थे। इसी के चलते उसे घर से निकाल दिया। तबसे वह अपने पिता के साथ गांव में रह रही है। पीड़िता ने पति संदीप, माया, मनीष, अनामिका निवासी मथुरा और स्वतंत्र कुमार और मंजू देवी निवासी मसगवां के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# अब कानपुर की नई पहचान बनेगा जैसरमऊ वेटलैंड

## वन डिस्ट्रिक्ट वन वेटलैंड योजना के तहत होगा कायाकल्प

**अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर**

**अमृत विचार।** गंगा की कटरी में स्थित बिल्हौर का जैसरमऊ वेटलैंड अब अंतरराष्ट्रीय मानकों की तर्ज पर संरक्षित और विकसित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'वन डिस्ट्रिक्ट वन वेटलैंड' योजना के अंतर्गत इस आर्द्रभूमि का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रभागीय वन अधिकारी दिव्या ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण कर विकास कार्यों का ब्लूप्रिंट तैयार किया है।

6 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैले इस वेटलैंड को अतिक्रमण मुक्त रखने और इसकी सटीक सीमाओं को चिह्नित करने के लिए ड्रोन मैपिंग का सहारा लिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार जैसरमऊ वेटलैंड प्राकृतिक रूप से बेहद समृद्ध है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार यहां पक्षियों और तितलियों की लगभग 150 प्रजातियां मौजूद हैं। यहां पर पक्षियों के रूप में लिटिल कॉर्मोरेंट, भारतीय मोर, ब्रॉन्ज-विंग्ड जैकाना, यूरेशियन मूरहेन, पर्पल हेरॉन और ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट देखे जा सकते हैं। वन्यजीव के रूप में नीलगाय और गोल्डन सियार मौजूद है। साथ ही पीकॉक पैंसी और प्लेन टाइगर जैसी रंग-बिरंगी तितलियों की तमाम प्रजातियां मौजूद हैं।



परियोजना को देखते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व डीएफओ दिव्या। अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने गंगेश्वर आश्रम परिसर में पौधारोपण किया। महाशिवरात्रि पर यहां जुटने वाली भारी भीड़ को देखते हुए, प्रशासन की योजना धार्मिक पर्यटन को 'नेचर टूरिज्म' से जोड़ने की है। इससे न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### इसलिये जरूरी हैं वेटलैंड

- वेटलैंड (आर्द्रभूमि) केवल जलमग्न भूमि नहीं, बल्कि 'धरती के गुर्दे' कहलाते हैं। ये प्राकृतिक फिल्टर की तरह प्रदूषित जल को शुद्ध करते हैं। भूजल पुनर्भरण वर्षा जल को सोखकर ग्राउंड वाटर लेवल को बढ़ाते हैं। साथ ही बाढ़ नियंत्रण का काम करते हैं। ये अतिरिक्त जल को सोखकर बाढ़ के खतरे को कम करते हैं। साथ ही प्रवासी और स्थानीय पक्षियों व जलीय जीवों को सुरक्षित घर प्रदान करते हैं।

### ये होंगी सुविधायें

- **बर्ड एवं वॉच टॉवर :** 'क्रिटिकल गैप फंड' का उपयोग कर पक्षी प्रेमियों के लिए बर्ड टॉवर बनेंगे।
- **नेचर ट्रेल :** पर्यटकों के लिए व्यवस्थित पाथ-वे तैयार किया जाएगा, जिससे वे प्रकृति के करीब रहकर बर्ड वॉचिंग करेंगे।
- **इको-टूरिज्म :** स्थानीय युवाओं को गाइड और संरक्षण गतिविधियों से जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे।

# सख्ती व कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुईं यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

**संवाददाता शिवराजपुर**


- हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की दोनों पालियों में तमाम छात्रों ने छोड़ी परीक्षा
- परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस बल रहा मौजूद, सीसीटीवी से की गई परीक्षार्थियों की निगरानी

**अमृत विचार।** बुधवार से यूपी बोर्ड के हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। परीक्षा देने के लिये सुबह से ही छात्र परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसबल भी मौजूद रहा। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद उन्हें परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया।

कस्बे के राम सहाय इंटर कॉलेज में सकरेज स्कूल, मनसुख लाल सर्वोदय इंटर कॉलेज, चंद्रावती इंटर कॉलेज समेत लगभग आधा दर्जन स्कूलों के परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज पटेल ने बताया कि हाई स्कूल में 534 छात्रों के रजिस्ट्रेशन हुए थे जिसमें 500 छात्र उपस्थित हुए जबकी 34 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी, इंटर की पाली में 506 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 20 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं मनसुख लाल सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुनील पाल ने बताया कि हाईस्कूल में 213 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकी 10 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी, इंटर की दूसरी पाली में 199 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 5 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं मुस्ता के राजेन्द्र नाथ इंटर कालेज की प्रधानाचार्य शिखा कटियार ने बताया कि उनके स्कूल में हाईस्कूल में 275 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकी 40 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी, इंटर की दूसरी पाली में 334 छात्रों ने परीक्षा दी और 52 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं आजाद मेमोरियल इंटर कालेज की प्रधानाचार्य शालिनी कटियार ने बताया कि उनके केंद्र पर हाईस्कूल के 315 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकि 27 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। इसी तरह इंटर की दूसरी पाली में 192 छात्रों ने परीक्षा दी और 13 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी।




परीक्षा केंद्र में मौजूद विद्यार्थी। अमृत विचार



अपने परिजनों के साथ मान्या शुक्ला। अमृत विचार

### बिल्हौर की बेटी मान्या का नीट पीजी में हुआ चयन

**बिल्हौर।** कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षक डॉ. वेद प्रकाश शुक्ला की सुपुत्री मान्या शुक्ला ने नीट पीजी परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मान्या का चयन एमएस (स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग) के लिए हुआ है, जिसके बाद उन्होंने झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया है। विशेष बात यह है कि मान्या ने इसी वर्ष केजीएमयू लखनऊ से अपना एमबीबीएस पूर्ण किया था। मान्या अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता अनीता शुक्ला को देती हैं। वहीं उनके बड़े भाई अभिनव शुक्ला, जो आईआईटी कानपुर से डिग्री प्राप्त कर बेंगलुरु की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, अपने माता-पिता दोनों को अपना आदर्श मानते हैं। इस उपलब्धि पर डॉ. वेद प्रकाश शुक्ला ने खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह के कार्यालय पहुंचकर स्टाफ का मुंह मीठा कराया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने बधाई देते हुए कहा कि जब बच्चे सफल होते हैं, तभी माता-पिता का जीवन सार्थक होता है। मान्या की इस सफलता पर उनके घर पर परिजनों और रिश्तेदारों के बधाई देने का तांता लगा हुआ है।

### सड़क किनारे मिला हिस्ट्रीशीटर का शव

**कानपुर।** गोविंद नगर में सड़क किनारे हिस्ट्रीशीटर का शव मिला। परिजनों के अनुसार हिस्ट्रीशीटर टीबी की बीमारी से ग्रसित था।

गोविंद नगर आई ब्लॉक निवासी 28 वर्षीय नीरज सिंह अधिवक्ता थे। परिवार में मां रानी, दो भाई सूरज और किशन है। परिजन ने बताया कि नीरज टीबी की बीमारी से ग्रसित थे। साथ ही शराब के लती थे। उनका काफी से इलाज भी चल रहा था। बुधवार को उनका शव घर के पास स्थित मंदिर के पास सड़क किनारे मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। साथ ही हादसे की जानकारी दी। गोविंद नगर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक नीरज गोविंद नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर था। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

# बाल श्रम रोकने को चलेगा वृहद अभियान

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- फैक्ट्रियों, दुकानों के बाहर लगेगा पोस्टर, स्टीकर
- ऐसे बच्चों को श्रम से छुड़ाकर स्कूल में प्रवेश देंगे

**अमृत विचार।** बाल श्रम मुक्त कराने के लिए महाभियान चलाया जाएगा और लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से फैक्ट्रियों, कारखानों एवं दुकानों के बाहर पोस्टर, स्टीकर लगाये जाएंगे। यदि कोई नाबालिग कहीं काम करते मिलेगा तो उसका प्रवेश स्कूल में कराया जाएगा।

बुधवार को सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें बाल श्रम मुक्त कराने के लिए कार्ययोजना बनाई गई। ये कार्यशाला श्रम विभाग और एसोसिएशन फॉर वालेंटरी एक्शन द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाल श्रम की समाप्ति के लिए जरुरी है कि सभी बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर ठहराव सुनिश्चित किया जाये। अन्य विभागों के अधिसूचित निरीक्षक भी बाल श्रम निरीक्षण एवं पुनर्वासन की कार्यवाही की जाये। खण्ड विकास अधिकारियों, तहसीलदारों सहित अधिकारियों द्वारा भी बाल श्रमिक के नियोजन के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाये। बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन के लिए गठित जिला टास्क फोर्स की नियमित बैठकें कराये जाने के भी निर्देश दिये गये।



बाल श्रम को लेकर कार्यशाला आयोजित हुई। अमृत विचार

श्रम विभाग के राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली ने कार्यशाला को बताया कि समस्त ईंट-भट्टों, में कार्यरत श्रमिकों के पंजीकरण कराए जाने का अनुरोध भी किया गया। विशेष रूप से कानपुर नगर को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों के आपसी समन्वय, संयुक्त कार्यवाही एवं एक मंच पर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन से कार्यक्रम समन्वयक अमरेंद्र कुमार व राष्ट्रीय प्रशिक्षक अभय अवस्थी द्वारा संस्था का परिचय दिया गया। कार्यशाला में ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के प्रतिनिधि उमेश गुप्ता ने कहा कि बाल श्रम की समस्या को आपसी समन्वय से दूर किया जा सकता है।

सहायक श्रमायुक्त राम लखन के अतिरिक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह, अशीष मिश्रा, पवन कुमार, सुरेश सिंह, हेमंत कुमार, संतोष कुमार, मान सिंह, यशवीर सिंह,अनिल उपाध्याय, आदर्श अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता, सुरेश गुरनानी, प्रभात मिश्रा, दीपक कुमार मौर्या, इन्द्रवर जोशी, विनोद कुमार सिंह, शिवेन्द्र गुरहा व जीशान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# फार्म-7 से 1300 नाम हटाए गए

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में बुधवार को एसआईआर पर बूथ प्रहरियों, विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षों, बूथ के बीएलए व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमे नगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद ने कहा कि गोविंद नगर विधानसभा से 16,604, सीसामऊ से 16,176, आर्यनगर से 16,669, किदवई नगर से 15764 और कैंट विधानसभा क्षेत्र से 27,000 फार्म 6 चिन्हित किये गए है।

जबकि काफी संख्या में नए मतदाता बनने के इंतजार में है, जिसमें पीडीए की संख्या अधिक है। फार्म नंबर 7 से गोविंद नगर से 280, सीसामऊ में 140, आर्यनगर में 350, किदवई नगर में 150 और कैंट से 300 मतदाताओं का नाम काट दिए गए हैं। फार्म-8 से गोविंद नगर में 7969, सीसामऊ में 7284, आर्यनगर में 14451, किदवईनगर में 8395 व कैंट में 9246 मतदाताओं का नाम मृतक सूची से ड्राफ्ट रोल में काटने की घोषणा की, लेकिन भारी संख्या में मृतकों के नाम काटे नहीं गए है, जिससे अंतिम प्रकाशन के बाद फर्जी वोट की आशंका है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, संजय सिंह, नंदलाल जयसवाल, फखरे आलम, परमवीर गंभीर, आनंद शुक्ला, रजत मिश्रा, अर्पित त्रिवेदी, अनूप रहे।

# बेटी के साथ सड़क पार कर रही वृद्धा को कार ने मारी टक्कर, मौत

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** नवाबगंज में चिड़ियाघर गेट के पास बुधवार शाम बेटी के साथ सामान लेकर सड़क पार कर रही वृद्धा को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने दौड़ाकर आरोपित चालक को पकड़ लिया। इस पर आरोपित मां-बेटी को कार से अस्पताल ले जाने की बात कहकर वह उन्हें लेकर निकल गया। इसके बाद वह दोनों को एलएलआर अस्पताल लेकर पहुंचा और बाद में मौका पाकर वहां से कार लेकर भाग निकला। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्धा को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वृद्धा के बेटे ने कार नंबर के आधार पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।



सावित्री देवी।

नवाबगंज ख्योरा निवासी सुनील ने बताया कि बुधवार शाम उनकी 75 वर्षीय मां सावित्री देवी बहन सुनीता के साथ पैदल ही चिड़ियाघर के पास सामान खरीदने गई थी। सामान खरीदने के बाद वह सड़क पार कर रही थी तभी अनियंत्रित कार ने मां सावित्री देवी को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस पर राहगीरों ने आरोपित कार सवार को दौड़ाकर पकड़ लिया और उससे घायल को अस्पताल ले जाने को कहा। इस पर आरोपित चालक सावित्री देवी और सुनीता को कार में बिठाकर एलएलआर अस्पताल पहुंचा। वहीं जानकारी पाकर बेटा सुनील भी वहां पहुंचा और कार की चाबी निकाल ली इस दौरान स्वजन सावित्री देवी को अस्पताल में इलाज कराने लगे। तभी वह दूसरी चाबी से कार लेकर वहां से भाग निकला। उधर गंभीर रूप से घायल सावित्री देवी को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि सुनील ने कार की फोटो खींच ली थी जिसके आधार पर बहन सुनीता ने आरोपित चालक के खिलाफ तहरीर दी। नवाबगंज थाना प्रभारी ने बताया कि कार नंबर के आधार पर आरोपित चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### छेड़छाड़ पर युवक की हुई पिटाई

**बिवांर (हमीरपुर)।** खेत में अकेला पाकर बुरी नीयत से युवक ने हाथ पकड़कर छेड़खानी की। इसको लेकर मोहाल के लोगों के साथ परिजनों ने युवक की जमकर पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

18 वर्षीय युवती दोपहर को खेत में अकेली थी। तभी श्याम सिंह अपने खेत में खड़ी फसल की सिंचाई करने गया था। युवती को अकेला पाकर छेड़खानी शुरू कर दी। जानकारी पर युवती के परिजन मोहाल वासियों के साथ खेत पहुंचे और मनचले की जमकर पिटाई कर पुलिस को बुलाया। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर थाना ले आई है। युवक ने बताया कि केवल उसका हाथ पकड़ा है। प्रेम प्रकाश ओझा ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है तहरीर के मिलने पर कार्रवाई होगी।



नाला धंसने से नाले में फंसा खड़ा ट्रक। अमृत विचार

### नाला धंसने से फंसा ट्रक, घंटों लगा जाम

**शिवराजपुर।** कस्बे से शिवली को जोड़ने वाले शिवराजपुर शिवली मार्ग में कस्बे के अंदर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। बुधवार को भी एक ट्रक के निकलने से नाला धंस गया। नाला में ट्रक फंसने जाम की स्थिति बन गई। वहीं आए दिन ट्रक धंसने की घटना होने के कारण कस्बेवासी नगर पंचायत के ऊपर मानक के अनुरुप नाला न बनाए जाने का आरोप लगाते हैं। कस्बा वासियों का कहना है कि नाला बनाने में जमकर धांधली की गई है, जो कस्बा वासियों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कस्बे के अंदर शिवराजपुर शिवली मार्ग पर नाले का निर्माण कराया गया था। किंतु जब से नाले का निर्माण हुआ है तब से आए दिन भारी वाहन निकलने पर नाला धंस जाता है और ट्रक उसी में फंस जाता है। वहीं बुधवार को भी एक लोडेड ट्रक नाला धंसने से उसी में फंस गया। इसके चलते पूरे दिन जाम के स्थिति बनी रही। लोगों को दूसरे रास्ते से घूम कर जाना पड़ा। वहीं कस्बावासी नीरज, हनी मिश्रा, रामकिशोर, रिंकू आदि ने आरोप लगाते हुए बताया कि नाला निर्माण में जमकर धांधली की गई है। इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके जांच होनी चाहिये और दोषी पाये जाने पर धांधली करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिये।

**कार्यशाला** | जीएसवीएम के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग में सात जिलों के टेक्नीशियनों को दिया गया प्रशिक्षण

# ईक्यूएएस से एचआईवी जांच में सटीक परिणाम

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- जीएसवीएम के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग में सात जिलों के टेक्नीशियनों को दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में बुधवार को एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त एचआईवी टेस्टिंग स्टेट रेफरेंस लेबोरेटरी (एसआरएल) ने जिलास्तरीय एचआईवी परीक्षण ईक्यूएएस कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में कानपुर के साथ कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद व उन्नाव के करीब 35 आईसीटीसी व एचसीटीएस केंद्रों के करीब 50 लैब टेक्नीशियनों को ईक्यूएएस एचआईवी प्रणाली से एचआईवी परीक्षण की जानकारी दी।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधु यादव ने बताया कि ईक्यूएएस एक ऐसी बेहतर प्रणाली है, जो यह सुनिश्चित करती है कि एचआईवी परीक्षण निर्धारित मानकों के अनुरूप, पूर्णतः सटीक, विश्वसनीय व प्रमाणित विधियों से संपन्न हो। ईक्यूएएस जांच किट की स्थिरता और प्रयोगशाला के परिणामों की सटीकता को मापता है, जिससे गलत पॉजिटिव या नेगेटिव मामलों में कमी आती है। ऐसी वर्कशॉप कर्मचारियों को पैनल टेस्टिंग के माध्यम से उनके काम में अधिक कुशल बनाने का काम करती है और सही परीक्षण प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करती है।




वर्कशॉप में शामिल माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग के प्रोफेसर व लैब टेक्नीशियन। अमृत विचार

वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ.विकास मिश्रा ने प्रतिभागियों को एचआईवी परीक्षण के लिए नमूना संग्रहण की मानक विधियां, परीक्षण गुणवत्ता संवर्धन की रणनीतियां और ईक्यूएएस प्रबंधन के व्यावहारिक आयामों पर प्रशिक्षण दिया। एचआईवी परीक्षण की मानकीकृत प्रक्रियाओं पर जानकारी दी। बताया कि यह एक अर्ली वार्निंग सिस्टम के रूप में काम करता है, जो उन क्षेत्रों की पहचान करता है, जहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई या प्रशिक्षण की आवश्यकता है। प्रयोगशाला के परिणाम सटीक आने पर एचआईवी परीक्षण के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता है और सही निदान के बाद शीघ्र उपचार शुरू किया जा सकता है। लगातार परीक्षण प्रक्रियाओं की गुणवत्ता की निगरानी करता है और उसमें सुधार लाता है। डॉ. हिमांशी प्रकाश ने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण नियंत्रण व पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति सजगता का उदाहरण दिया। टेक्निकल ऑफिसर इसराफा हुसैन खान ने एसआरएल कार्यक्रम के अंतर्गत लैब टेक्नीशियनों की भूमिका, दायित्व व उत्तरदायित्वों से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान डॉ.सुरैया खानम अंसारी, डॉ. रजनी सिंह, डॉ. रुचि गुप्ता, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. दीप्ति मिश्रा समेत सभी रेजिडेंट्स मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में मिला जिले को तीसरा स्थान

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- डीएम ने जिला स्तरीय टीबी टास्क फोर्स व टीबी स्टीयरिंग कमेटी की बैठक की


**अमृत विचार।** सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जिला स्तरीय टीबी टास्क फोर्स व टीबी स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में अभियान के प्रगति की समीक्षा की। कहा कि कार्यक्रम के प्रदर्शन के आधार पर जिले ने प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

जिलाधिकारी ने सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी को निर्देश दिया कि जिन निजी चिकित्सालयों में टीबी का शून्य नोटिफिकेशन है, उन्हें नोटिस जारी कर रिपोर्टिंग व्यवस्था को बेहतर किया जाए। संदिग्ध मरीजों की पहचान, जांच और पंजीकरण में किसी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक विद्यालय में एक शिक्षक या शिक्षा मित्र को हेल्थ एंबेसडर नामित किया जाए, जो विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को टीबी के लक्षण, जांच और उपचार के प्रति जागरूक करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी 590 ग्राम पंचायतों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायत भवनों, नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में टीबी जागरूकता संबंधी साइन बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए। स्क्रीनिंग के लिए संचालित मोबाइल यूनिट का शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसार माइक्रो व रूट प्लान तैयार करने को कहा, ताकि अधिक लोगों की जांच हो सके। स्क्रीनिंग में चिन्हित मरीजों को पोषण पोटली समय से देने, गणमान्य नागरिकों, स्वैच्छिक संस्थाओं और औद्योगिक इकाइयों को निक्षय मित्र के रूप में जोड़ने पर भी बल दिया। बताया कि कार्यक्रम के प्रदर्शन के आधार पर जिले ने प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस दौरान सीडीओ दीक्षा जैन, सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी, एसीएमओ डॉ. सुबोध, जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी रहे।

### टीबी के प्रमुख लक्षण

- दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी
- बलगम के साथ खून आना
- लगातार बुखार, विशेषकर शाम व रात के समय
- रात में पसीना आना
- अचानक वजन कम होना और भूख न लगना

## सुविचार



जो व्यक्ति छोटी -छोटी बातों में सच्चाई को गंभीरता से नहीं लेता उसपर बड़ी बातों में भी विश्वास नहीं किया जा सकता .

-- ऐल्बर्ट आइन्स्टीन

### कानपुर के प्रमुख समाचार

- पुलिस के दौड़ाने पर गाड़ी पलटी, दुकानदार की मौत-II
- जेके कैंसर संस्थान पर सरकार का नहीं ध्यान -III
- चांद की तस्दीक होते ही छलके खुशी के आंसू-IV

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| गुरुवार शाम | शुक्रवार सुबह |
| सुन्नी : 6 :06 | सुन्नी : 5 :19 |
| शिया : 6 :16 | शिया : 5 :11 |

पैगंबर मोहम्मद साहब ने फरमाया : जब रमजान का चांद नजर आता है तो शैतान जंजीरों में जकड़ दिए जाते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### हाईवे पर तीन घंटे जाम

**कानपुर।** कानपुर–लखनऊ हाईवे पर बुधवार सुबह 10 .15 बजे दही क्षेत्र में दो डंपरों के टकराने से जाम लग गया। वाहनों की कतार थोड़ी ही देर में गदनखेड़ा चौराहे तक पहुंच गई। कई बारातें भी फंसी रहीं। पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त डंपरों को हटाने के बाद दोपहर करीब एक बजे यातायात बहाल हो सका। इस दौरान सैकड़ों वाहन फंसे रहे। इधर, नए शुक्लागंज पुल पर सुबह लंबा जाम लगा रहा। बालूघाट मोड़ का रास्ता संकरा होने और सीताराम कालोनी व मनोहर नगर की ओर वाहनों के मुड़ने के कारण यातायात फंस गया। ई–बसें, कार, टेंपो, लोडर, बाइक सवार जाम से करीब दो घंटे तक जूझते रहे। दो एंबुलेंस भी जाम में फंसी रहीं।

### यहां नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** लवकुशपुरम, शिवली रोड व आसपास क्षेत्र और शास्त्री नगर दस दुकान में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। विष्णुपुरी व आजाद नगर में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक, गोपाल नगर, रावतपुर गांव और सिंहपुर में सुबह करीब 10 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक गुल रहेगी। गुजैनी में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक और पी–रोड में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

### हटाई अवैध फल मंडी

**कानपुर।** नगर निगम जोन–5 की टीम ने बुधवार को चावला मार्केट चौराहे से सीटीआई चौराहा तक अतिक्रमण अभियान चलाया। टीम ने मार्ग के दोनों तरफ किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। अवैध रूप से संचालित फल मंडी को हटाकर मार्ग को अवरोधमुक्त कराया। इस दौरान जोनल अधिकारी अनुपम त्रिपाठी, कर अधीक्षक शिवनाथ वर्मा, राजस्व निरीक्षक प्रमोद मौर्या आदि मौजूद रहे।

### एक्सप्रेस-वे को यातायात के लिए खोले जाने के बाद शुरू किया जाएगा काम

# लखनऊ हाईवे पर सफर होगा आसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर से लखनऊ का सफर सुहाना होने जा रहा है। एक्सप्रेस वे बनकर तैयार है और पहली अप्रैल से वाहनों के फर्राटा भरने के लिए खोला जाना है। इसके बाद यातायात जाम, खराब सड़क और हादसों के लिए बदनाम मौजूदा हाईवे को बेहतर और सुविधाजनक बनाने का काम शुरू होगा।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) 107 करोड़ रुपये खर्च करके हाईवे पर भी सुगम यातायात की सौगात देगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। प्राधिकरण के अधिकारियों का दावा है कि कार्ययोजना के मुताबिक तीन माह में काम शुरू करके अधिकतम एक वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। इससे हाईवे पर रोज गुजरने वाले औसतन 35 हजार से अधिक वाहनों को सुरक्षित रफ्तार मिलेगी।

कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क को हाल ही आवागमन के लिहाज से सुधारा गया है। अब वाहनों की गति बढ़ाने और यातायात जाम से छुटकारा दिलाने की योजना पर मई माह से काम शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्ययोजना के मुताबिक राजमार्ग पर दो फ्लाईओवर, एक अंडरपास, एक फुटओवर ब्रिज और एक सर्विस लेन 330 मीटर लंबी बनाई जाएगी।

कार्यादेश मिलने के बाद सारा काम कार्यदायी संस्था को एक साल के भीतर पूरा करना होगा। इस काम के लिए वन विभाग की तीन हेक्टेयर जमीन पर लगे सैकड़ों पेड़ हटाए या काटे जाएंगे। बदले में एनएचएआइ वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर पौधरोपण करेगा। पांच साल तक कार्यदायी संस्था को पौधों की देखरेख करनी पड़ेगी।



- एनएचएआई जल्द शुरू करेगा टेंडर की प्रक्रिया, पुलों की डीपीआर हो चुकी मंजूर

**107** करोड़ रुपये से हाईवे पर होगा काम

**330** मीटर लंबी सर्विस लेन बनाई जाएगी

### ड्रेनेज और लाइटिंग की व्यवस्था सुधारी जाएगी

- हाईवे पर एनएचएआइ ड्रेनेज और लाइटिंग की उचित व्यवस्था भी कराएगा। इसके साथ ही अंडरपास में बड़े-बड़े ऐसे रोशनदान बनाए जाएंगे, ताकि अगर बिजली चली भी जाए तो दिन में सूरज की रोशनी पहुंचती रहे। डिवाइडर रोड बनाने के साथ ही बरसात का पानी इनमें न भरे, उसके लिए ड्रेनेज सिस्टम ऐसा होगा कि पानी अंडरपास में पहुंचते ही मिनटों में बाहर निकल जाएगा।

### हाईवे पर यहां बनेंगे फ्लाईओवर, अंडरपास और सर्विस रोड

- नवाबगंज तिराहा और दही चौकी पर फ्लाईओवर तथा त्रिभुवन खेड़ा पर अंडरपास बनाया जाएगा। दही तिराहा पर बनने वाले फ्लाईओवर की लंबाई लगभग 500 मीटर होगी, जबकि नवाबगंज में बनने वाला प्लाईओवर 800 मीटर लंबा होगा। दोनों फ्लाईओवर की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट को स्वीकृति मिलने के साथ मिट्टी की परीक्षण भी पूरा किया जा चुका है। त्रिभुवन खेड़ा में बनने वाला अंडर पास 15 मीटर, 25 मीटर और फिर 15 मीटर का बाक्स पुश बैक करके डाला जाएगा। इस तरह यह कुल 55 मीटर लंबा होगा। दही तिराहा से पुरवा मोहनलालगंज मार्ग जाने वाले वाहन, हाईवे के दोनों तरफ बनने वाली सर्विस रोड व अंडरपास से होकर आसानी से आवाजाही कर सकेंगे। इससे लखनऊ–कानपुर की ओर का यातायात बाधित नहीं होगा। इसके साथ ही आशाखेड़ा में 300 मीटर की सर्विस रोड भी बनाई जाएगी। इससे आसपास गांवों के ग्रामीण बिना हाईवे पर आए सुरक्षित सफर कर सकेंगे।

## सफाईकर्मी से लोन के नाम पर ठगी की

**कानपुर।** गुजैनी के रविदास पुरम निवासी राजू बाल्मीकि ने एक मोबाइल शॉप व एक युवक और एक अज्ञात पर लोन के नाम पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। गुजैनी पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित राजू ने बताया कि वह बेगम पुरवा में सुलभ शौचालय चलाता था। पत्नी के इलाज के लिए क्षेत्र के राजा नामक व्यक्ति ने 17 फरवरी 2025 को कर्ज दिलाने का भरोसा दिया। अगले दिन आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक लेकर उन्हें गोविंद नगर आठ ब्लॉक स्थित कृष्णा कम्युनिकेशन दुकान पर ले गया, जहां 40 हजार रुपये का लोन 15 मासिक किस्त 2223 रुपये के हिसाब से दिलाने की बात कहकर कागजों पर हस्ताक्षर कराए। आरोप है कि उन्हें कोई रकम नहीं मिली, न कोई मोबाइल मिला। महीनों चक्कर लगाने पर भी लोन न होने की बात कही गई। जून 2025 में इलाज के अभाव में उनकी पत्नी की मौत हो गई। बाद में बैंक कर्मी जब वसूली के लिए पहुंचे तो पता चला कि उनके नाम 46 हजार रुपये का मोबाइल लोन से खरीदा गया है और मोबाइल कोई व्यक्ति ले गया। पीड़ित राजू ने राजा और कृष्णा कम्युनिकेशन के खिलाफ शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

# मानव तस्करी में मुख्य गवाह की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने कहा, गवाह बनने के कारण मिली थी धमकी
- पोस्टमार्टम में एल्कोहल की पुष्टि बिसरा किया गया सुरक्षित

**अमृत विचार।** नौबस्ता में मानव तस्करी केस में मुख्य गवाह का शव सड़क किनारे मिलने से कोहराम मच गया। चर्चित मामले में गवाह की मौत से पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। परिजनों ने आरोप लगाया कि गवाही की रंजिश में हत्या की गई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। वहीं रिपोर्ट में एल्कोहल व मौत की वजह स्पष्ट न होने से विसरा रखा गया है।

मूलरूप से घाटमपुर के वीरपुर निवासी 32 वर्षीय ई-रिक्शा चलाक मोहित गौतम नौबस्ता के सरस्वती नगर में किराए पर रहता था। परिवार में पत्नी पिंकी, दो बेटियां व एक बेटा है। समीप ही उसके भाई हेमचंद्र व रोहित रहते हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात मोहित रिक्शा खड़ा करके दो लोगों के साथ निकला था। उसके बाद उसका शव आवास विकास हंसपुरम में सड़क किनारे मिला। उसके मुंह से खून निकल रहा था। भाइयों के अनुसार बीते साल 29 मार्च को हंसपुरम निवासी किशोरी को इलाके का सौरभ मिश्रा बहलाकर बेहोशी की हालत में जयपुर ले गया था। जहां उसे गायत्री सामूहिक विवाह संस्था की संचालिका गायत्री को ढाई लाख में बेचा था। आरोप है कि गायत्री ने किशोरी को शादी का झांसा देकर नारथम नामक युवक को साढ़े तीन लाख में बेचा। पांच अप्रैल को किशोरी किसी तरह भागकर परिजनों के संपर्क में आई। इसके बाद पुलिस ने मानव तस्करी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर नौ अप्रैल को किशोरी को राजस्थान से लेकर शहर आई। पुलिस ने मामले में गायत्री व कार चालक हनुमान सिंह को जेल भेजा था। मुख्य आरोपी सौरभ की तलाश थी, लेकिन उसने 11 मई को स्पेशल रिमांड मजिस्ट्रेट कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। रोहित ने बताया कि मामले में मोहित मुख्य गवाह था। आरोप लगाया कि इसी कारण उसकी हत्या की गई है। वहीं थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि मोहित का शव संदिग्ध हालात में मिला है। मुंह व नाक से खून निकल रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के बारे में कुछ स्पष्ट होगा। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित किया गया है। शरीर में एल्कोहल की मात्रा भी पाई गई है।

# लाइटर पिस्टल लेकर घूम रहा था फर्जी दरोगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीबीआई अधिकारी व दरोगा बनकर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा अनवरगंज पुलिस ने किया है। पुलिस की फर्जी वर्दी पहनकर घूम रहे गिरोह के एक शातिर को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी फर्जी दरोगा के पास से सीबीआई व पुलिस के फर्जी दस्तावेज के साथ, आईकार्ड, लाइटर वाली पिस्टल, इनकम टैक्ट के ज्वाइंट कमिश्नर के नंबर वाली कार बरामद हुई है। आरोपी सेवानिवृत्त दरोगा का बेटा है। गिरोह का सरगना बर्खास्त दरोगा है। पुलिस टीम गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।


डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि डिप्टी पड़ाव स्थित कूड़ा घर के पास मंगलवार अनवरगंज पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी टीम को दरोगा की वर्दी में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। उसके पास से आई-20 कार, पुलिस का फर्जी आईकार्ड, दो मोबाइल, 700 रुपये, लाइटर वाली पिस्टल, दरोगा की वर्दी समेत अन्य दस्तावेज मिले। लाइटर वाली पिस्टल असली दिख रही थी।



पकड़ा गया फर्जी दरोगा। अमृत विचार

- वाहन चेकिंग के दौरान वर्दी पहने दबोचा गया, सीबीआई व पुलिस के फर्जी कागजात मिले

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उन्नाव के दोस्तीनगर निवासी संजय कुमार सिंह बताया। उसने बताया कि साथी दुर्गेश कुमार सविता व विजय सिंह चौहान के साथ सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से ठगी करता है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी होटल व स्कूल की बिल्डिंग किराए पर लेकर परीक्षा कराता है। इंटरव्यू लेता था। इस तरह संदेह में आए बिना वह फ्राड करता था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा है और साथियों की तलाश में जुटी है।



बरामद कागजात। अमृत विचार

### इनकम टैक्स के ज्वाइंट कमिश्नर की नंबर प्लेट

- अनवरगंज थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि आरोपी संजय की आई–20 कार उन्नाव में रजिस्टर्ड है। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए नंबर प्लेट पर दूसरी प्लेट लगा रखी थी, जो लखनऊ इनकम टैक्स के ज्वाइंट कमिश्नर के सरकारी वाहन का नंबर है। इससे वह पुलिस से बचता था।

### अवनीश अवस्थी का फर्जी लेटरहेड मिला

- पुलिस के अनुसार आरोपी के पास मुख्यमंत्री के पूर्व सलाहकार अवनीश अवस्थी के नाम का लेटरहेड मिला है। जिसकी जांच की जा रही है। मिला लेटरहेड भी फर्जी है। जिसके माध्यम से वह पीड़ितों को झांसे में लेता था।

# 21 बीघे में अवैध प्लॉटिंग पर चला केडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में कुछ जगहों पर अवैध रूप से प्लाटिंग व निर्माण कार्य किए जा रहे है। इनकी रोकथाम के लिए कानपुर विकास प्राधिकरण ने फिर से कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को केडीए की टीम ने 21 बीघा में की गई अवैध प्लाटिंग पर तीन बुलडोजरों से अवैध निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त किया।



अवैध निर्माण को ध्वस्त करता केडीए का बुलडोजर। अमृत विचार

केडीए के प्रवर्तन जोन-1बी के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह टीम के साथ ग्राम प्रतापपुरी हरी पहुंचे, यहां पर टीम को प्रकाश, नारायण व अन्य लोग करीब नौ बीघा क्षेत्रफल में अवैध व अनाधिकृत प्लाटिंग करते मिले। जांच में पता चला कि बिना प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये व बिना अनुज्ञा प्राप्त किये यहां प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। इसके अलावा ग्राम भगनवापुरवा में श्री राम, बाबू व अन्य लोग करीब आठ बीघा में अवैध व अनाधिकृत प्लाटिंग करते मिले। ग्राम कटरी ख्यौरा में राग गुप्ता व अन्य करीब 04 बीघा क्षेत्रफल में बिना प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये व बिना अनुज्ञा प्राप्त किये प्लाटिंग विकसित करते मिले। डॉ.रवि के मुताबिक तीनों जगह विकसित की जा रही अवैध,अनाधिकृत प्लाटिंग व निर्माण के अंतर्गत इन्ट्रीगेट, रोड, नाला, बाउण्ड्रीवाल, बिजली के खम्भे, पिलर, निर्मित, अर्द्धनिर्मित, निर्माणाधीन भवन व सभी निशानदेही को तीन जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर समाप्त किया गया। इस दौरान अवर अभियंता हिमांशु बर्नवाल, सुपरवाइजर

- प्रतापपुरी हरी, भगनवापुरवा और कटरी ख्यौरा में हुई कार्रवाई

अनिल शर्मा, रामऔतार, मनोज, राज कुमार, लाल सिंह व बिठूर थाने का पर्याप्त पुलिस बल रहा। डॉ.रवि के मुताबिक ग्राम सिंहपुर व गंगपुर चकबदा में करीब आठ बीघा क्षेत्रफल की अवैध, अनाधिकृत निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया गया है, जल्द ही ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

वहीं, प्रवर्तन जोन-3 के ग्राम पिपरौली में विभिन्न आराजियों पर करीब 20 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये व बिना भौतिक सुविधाओं के अनाधिकृत की जा रही प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यहां पर विशेष कार्याधिकारी बृजेंद्र उपाध्याय, अवर अभियंता अमर नाथ यादव व आदि रहे।

### पनकी के हॉस्पिटल में महिला की मौत, हंगामा

**कल्याणपुर।** कानपुर देहात के शिवली थाना क्षेत्र के मैथा निवासी अतुल शुक्ला के मुताबिक बीते 15 फ़रवरी को वह पत्नी नीलम (37) के साथ रमईपुर रिश्तेदार के यहां कथा सुनने गए थे। वापस लौटते समय बाइक फिसलने से नीलम का घुटना टूट गया था। उन्होंने नीलम को पनकी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार को नीलम के ऑपरेशन के मौत हो गई। परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। वही अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान महिला को कार्डिया का अटैक पड़ने से उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा काट रहें परिजनों समझा बुझाकर शांत कराया। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अब जांच में मत्स्य विभाग के अफसरों की खुलेगी कुंडली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महानिदेशक ने लखनऊ स्तर पर गठित की जांच कमेटी
- मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना में गोलमाल की होगी जांच

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शासन मत्स्य विभाग की महानिदेशक धन लक्ष्मी के. द्वारा लापरवाही के आरोप में कानपुर मत्स्य पालन की उप निदेशक समेत कई अधिकारियों एवं कर्मियों के दोषी पाये जाने के बाद उनपर हुई कार्रवाई के बाद बुधवार को कार्यालय में दहशत छाई रही। मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना में अबतक किसको लाभ दिया गया, क्या वे इस लाभ के लिए अधिकृत थे, आदि की जांच शुरु हो गयी है।

बुधवार को विकास भवन में इस मामले को लेकर दहशत रही। मत्स्य पालन विभाग में दहशत फैली रही। विभाग में की गई गड़बड़ी को लेकर जांच शुरु हो गयी है। उच्चस्तरीय जांच इस बात की हो रही है कि कितने लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है, क्या वे इस योजना से लाभ पाने के पात्र थे या नहीं? जांच में ये भी देखा जा रहा है कि किन अधिकारियों के आदेश से योजना का लाभ दिया गया है। कई मामले यहां तक कि समिति के आदेश को भी कुछ अधिकारियों ने दरकिनार कर दिया। अब पूरे मामले की जांच के लिए महानिदेशक ने शासन स्तर पर एक कमेटी गठित की है जिसे 15 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिये हैं। मत्स्य निरीक्षक जिन्हें मौके पर जाकर रिपोर्ट लगाना होती है, उनका रोल भी बहुत खराब रहा है, जिनपर सख्त कार्रवाई की तैयारी है।

महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. ने सुनील सिंह मत्स्य निरीक्षक के विरुद्ध अनुशासनिक जांच किये जाने के लिए उत्तर प्रदेश लखनऊ के स्तर से जांच अधिकारी नामित होने के उपरांत जांच अधिकारी द्वारा 15 दिन के अंदर नियमानुसार आरोप पत्र गठित कर सक्षम अधिकारी के समक्ष अनुमोदनार्थ उपलब्ध कराया जाएगा। आरोपित कर्मचारी द्वारा नामित जांच अधिकारी को सहयोग नही करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि कई प्रकार की गंभीर अनियमितताएं मिलने के बाद कानपुर मंडल के मत्स्य पालन विभाग के कई अधिकारियों एवं कर्मियों को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

# वाहन फिटनेस सेंटर में मनमानी और वसूली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विधान परिषद में दो सदस्यों ने नगर व देहात का मामला उठाकर अवैध वसूली रोकने को कहा

**अमृत विचार।** शहर में केवल एक ऑटोमेटेड व्हीकल फिटनेस सेंटर होने से वाहन मालिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। शासन द्वारा हर वाहन की फिटनेस जांच दर तय होने के बावजूद कुछ सेंटरों पर निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है। विधान परिषद में सदस्य अरुण पाठक और सदस्य मोहित बेनीवाल ने बुधवार को नियम 110 के अंतर्गत कानपुर नगर, कानपुर देहात के ऑटोमेटेड व्हीकल फिटनेस सेंटरों में वाहन मालिकों से की जा रही कथित अवैध व मनमानी वसूली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

सदस्यों ने कहा कि शासन द्वारा प्रत्येक वाहन की फिटनेस जांच की दर निर्धारित होने के बावजूद कुछ सेंटरों पर निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है। इससे वाहन मालिक आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से कानपुर नगर का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां वर्तमान में केवल एक ऑटोमेटेड व्हीकल फिटनेस सेंटर संचालित है, जबकि वाहनों की संख्या काफी अधिक है। इस कारण एकाधिकार की स्थिति बन गई है और संचालकों द्वारा मनमानी की जा रही है। दोनों सदस्यों ने सरकार से मांग की कि अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए, निर्धारित शुल्क का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए, कानपुर नगर में एक और ऑटोमेटेड व्हीकल फिटनेस सेंटर स्थापित किया जाए, ताकि वाहन मालिकों को राहत मिल सके। सदस्यों ने मामले को जनहित और लोक महत्व का बताते हुए इस पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की भी मांग की।

**नि :शुल्क इलाज** | पीआरपी थेरेपी से घुटना प्रत्यारोपण की जरूरत नहीं

# घुटने का दर्द दूर कर रही पीआरपी थेरेपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निजी अस्पतालों में घुटने में जरा सी दिक्कत आने पर प्रत्यारोपण कर जहां लाखों रुपये वसूल लिए जाते हैं, वहीं जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग में निःशुल्क पीआरपी थेरेपी की मदद से घुटना बदलने की नौबत नहीं आ रही है। थेरेपी से न सिर्फ मरीजों को राहत मिल रही है, बल्कि मरीजों को लाखों रुपये खर्च नहीं करने पड़ रहे हैं।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज घुटने में दर्द और चल न पाने की समस्या से ग्रस्त होकर पहुंचते हैं। इनमें ज्यादातर घुटनों में कार्टिलेज घिसने की वजह से दर्द, मांसपेशियों की फाइब्रोसिस और ऐंठन के मरीज शामिल होते हैं। इन दिक्कतों को दूर करने के लिए अस्थि रोग विभाग में डॉ. फहीम अंसारी द्वारा मरीजों के खून का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। खून से निकाली गई प्लाज्मा रिच प्लेटलेट्स (पीआरपी) में पाए जाने वाले ग्रोथ फैक्टर लाभदायक दवा का काम कर रहे हैं।

डॉ.फहीम ने बताया कि घुटनों की कार्टिलेज घिसने से एक तरफ अस्थियां चिपकती हैं और दूसरी तरफ उनमें गैप आ जाता है। ऐसे में घुटना प्रत्यारोपण की सलाह दी जाती है, लेकिन अगर तकलीफ की शुरुआत में ही मरीज पीआरपी थेरेपी कराता है तो घुटना बदलने की नौबत नहीं आती है। पीआरपी को इंजेक्शन के जरिये रोगी के घुटने में पहुंचा दिया जाता है।

पीआरपी थेरेपी से घुटनों की कार्टिलेज फिर से विकसित होने लगती है। इसके अलावा मांसपेशियों की फाइब्रोसिस और लिगामेंट टूटने में भी यह थेरेपी कारगर साबित हो रही है। दो साल में 1000 मरीजों को थेरेपी दी गई है, जिनमें मांसपेशियों की फाइब्रोसिस, स्पाज्म, मोच से फाइबर टूटने और चोट से मांसपेशी फटने के रोगी भी शामिल थे।



डॉ.फहीम अंसारी।

- पीआरपी से घुटना बदलने की नहीं आ रही है नौबत
- हैलट अस्पताल में मरीजों को नि :शुल्क इलाज का लाभ
- जीएसवीएम के अस्थि रोग विभाग में 1000 मरीजों को निशुल्क दी गई थेरेपी

### पीआरपी से कूल्हे का फ्रेक्चर भी हो रहा ठीक

- डॉ.फहीम ने बताया कि कूल्हे के फ्रेक्चर के मरीजों को भी पीआरपी थेरेपी का लाभ मिल रहा है। जल्दी सर्जरी की नौबत नहीं आ रही है। पीआरपी के ग्रोथ फैक्टर से मांसपेशियों के कमजोर रेशे मजबूत हो जाते हैं। हैलट में यह थैरेपी नि :शुल्क है। मरीज के खून से पीआरपी निकालकर जरूरत के हिसाब से मरीज को खुराक तय कर दी जाती है। मरीज के खून से निकाली गई पीआरपी में ग्रोथ फैक्टर होते हैं। इनमें पीडीआरएफ, आईजीएफ बीटा आदि ग्रोथ फैक्टर कोशिकाओं को पोषण देते हैं। इससे बीमार हो रहीं कोशिकाएं सक्रिय हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि पीआरपी के साथ व्यायाम करना जरूरी होता है। इससे घुटनों या दूसरे अंग के कार्य करने का मैसेज जाता है और अंग में खून की आपूर्ति बढ़ जाती है।

## सिटी ब्रीफ

### आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट

**कानपुर।** काकादेव के शास्त्री नगर मतैयापुरवा निवासी रवि यादव ने सोमवार दोपहर आत्महत्या की थी। रवि अपने भाई अंबिका प्रसाद व पंकज के साथ मिलकर कमीशन पर वाहन खरीदने-बेचने का काम करते थे। रवि की जेब से पांच पन्नों का सुसाइड नोट मिला था, जिसमें काकादेव के रहने वाले युवराज यादव, उसके भाई संतोष पर करीब 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप था। बैंककर्मियों के भी शामिल होने का आरोप था। थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि अंबिका प्रसाद की तहरीर पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### महिला से 90 हजार रुपये की ठगी

**कानपुर।** गुजैनी के एमआईजी जरौली निवासी श्रेया सिंह से साइबर शातिरों ने ठगी की। श्रेया के पति सूरज सिंह चौहान ने बताया कि उसके पिता के कुछ रुपये उनके खाते में आने थे। जिसका पत्नी को इंतजार था। इसी बीच एक अंजान नंबर से पत्नी के पास कॉल आई। फोन करने वाले ने बातों में उलझाकर बैंक संबंधी जानकारी ली और 45 हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा। श्रेया ने भरोसा कर रकम भेज दी। आरोपी ने कहा कि पैसे नहीं पहुंचे, दोबारा भेजिए। इस पर उन्होंने फिर 45 हजार रुपये और ट्रांसफर कर दिए। बाद में आरोपी ने फोन स्विचऑफ कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**कानपुर।** किदवईनगर निवासी अपूर्वा ने तहरीर दी कि बीते साल नौ जून को उसकी शादी प्रयागराज के झूंसी निवासी निशांत तिवारी से हुई थी। शादी के बाद से पति निशांत, सास निर्मला, ससुर विनोद चंद्र, जेठ प्रशांत और जेठानी अंजली आठ लाख रुपये की मांग कर उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़ित करने लगे। विरोध पर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।




घटना की जानकारी देते परिजन व इसी जगह गड्ढे में पलटी पिकअप। अमृत विचार

# पुलिस के दौड़ाने पर गाड़ी पलटी, दुकानदार की मौत

## परिजन बोले- वसूली से बचने के लिए भागा था पिकअप चालक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार स्थित अर्रा नई सब्जी मंडी में आलू लदा पिकअप पलटने से सब्जी विक्रेता की दबकर मौत हो गई। मंडी में हादसे से दुकानदारों व कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। पिकअप के नीचे दबे युवक को तत्काल समीप के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। पुलिस के अनुसार नाले की स्लैब टूटने से हादसा हुआ है। वहीं घरवालों का आरोप है कि पुलिस के दौड़ाने पर चालक पिकअप लेकर भागा था, तभी हादसा हुआ। मंडी में आने वाले वाहनों से वसूली की जाती है।

घाटमपुर के राहमपुर निवासी अनिल (43) सब्जी विक्रेता था। परिवार में पत्नी गुड़िया, बेटा अभय हैं। भाई प्रेम नारायण ने बताया कि अनिल रोज की तरह सुबह साढ़े तीन बजे साइकिल से सब्जी खरीदने मंडी गया था। पेट्रोल पंप के पास उसने साइकिल खड़ी की। पत्तागोभी खरीदने के बाद रिक्शे पर लाद रहा था, तभी आलू लदी पिकअप नाले की पुलिया पार करते समय पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप का अगला पहिया पुलिया पार कर गया, लेकिन पिछले पहिए पर लोड के कारण नाले की स्लैब टूट गई, जिससे पिकअप गाड़ी पत्तागोभी लाद रहे अनिल के ऊपर पलट गई। दुकानदारों ने पिकअप के नीचे से अनिल को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी धड़कन शांत हो चुकी थी। पुलिस ने सांस की आस में अनिल को समीप के अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस बीच मंडी पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस की वसूली से बचने के लिए चालक पिकअप गाड़ी लेकर भागा था। पीछे से ट्रैफिक पुलिसकर्मी उसे दौड़ा रहे थे, जिस कारण यह हादसा हुआ है।



अनिल।

### आरोपों की होगी जांच कैमरे खंगाले जाएंगे

- इस बारे में हनुमंत विहार थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह का कहना है कि हादसा भोर पहर 4 बजे हुआ है। उस समय ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी नहीं रहती है, फिर भी आरोपों के आधार पर आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। परिजनों की तहरीर और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पिकअप को कब्जे में लिया गया है।

### एचटी लाइन के नीचे अवैध रूप से लगती अर्रा की सब्जी मंडी

- अर्रा स्थित एचटी लाइन के नीचे अवैध सब्जी मंडी लगती है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि मंडी के कारण इलाके के लोग प्रभावित होते हैं। लोगों के अनुसार एचटी लाइन के नीचे मंडी के कारण हादसे का डर बना रहता है। इसके अलावा दुकानदार गली सब्जियां फेंक जाते हैं। जिसकी दुर्गंध व गंदगी परेशान करती है। इसी कारण इलाके में मवेशियों का जमावड़ा रहता है। दिनभर मवेशी इलाके में टहलते रहते हैं। जिससे हादसे का भी डर रहता है। सड़क भी पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। मंडी के कारण हाईवे के किनारे जाम की भी स्थिति रहती है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सब्जी लदे वाहनों के आने व लोड वाहन खड़ा होने से नाले की पटियां कई जगह टूटी हैं। एक बार नाला बनाने के बाद दोबारा अधिकारियों ने सुध नहीं ली। हालात यह है कि मौजूदा समय जगह-जगह नाले की स्लैब टूटी है।

### घर में घुसकर पिता-पुत्र को पीटा, जांच शुरू

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा के श्रीनगर पहाड़पुर में दो सगे भाइयों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र से मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। श्रीनगर पहाड़पुर निवासी राजेश कुमार साहू के बेटे रवि कुमार ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के ही रहने वाले राम नरेश सिंह के दोनों बेटे रजत और निक्की ने उनके घर में घुसकर उन्हें व उनके पिता के साथ मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार मारपीट की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी भाइयों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा नेता का एक हमलावर गिरफ्तार

संवाददाता, कल्याणपुर

- छपेड़ा पुलिया के पास दबंगों ने गोली चलाने के बाद चाकुओं से किया था हमला

**अमृत विचार।** रावतपुर छपेड़ा पुलिया के पास मंगलवार देर रात भाजपा नेता पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं घटना के बाद से फरार अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

नवाबगंज के परमियापुरवा शिवराज सिगनेचर सिटी निवासी सोनू रठौर भाजपा युवा मोर्चा का पूर्व जिला उपाध्यक्ष है। सोनू छपेड़ा पुलिया पूजन सामग्री की दुकान चलता है। मंगलवार रात वह रावतपुर में एक शादी समारोह में होने के लिए अपने साथी गीता नगर निवासी आयुष के साथ गया था। कार्यक्रम से दोनों देर रात वापस लौट रहे थे। अभी वह छपेड़ा पुलिया के पास पहुंचे ही थे। तभी पहले से घात लगाए खड़े अभिषेक विश्वकर्मा, उसके पिता अनिल विश्वकर्मा, भाई सागर व पीयूष समेत लगभग 10 अज्ञात लोगों ने पुराने विवाद का हवाला देकर सोनू से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अभिषेक ने उसपर फायर झोंक दिया।

इतना ही नहीं, उसके बचने की आशंका को देखते दबंगों ने बाद में सोनू पर ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया था। जिसे गंभीर हालत में हैलट में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत अभी भी चिंता जनक बनी हुई है। इस मामले में पेड़ के भाई मोनू की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। एडीसीपी वेस्ट कपिल देव सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की तीन टीमों समेत सर्विलांस की मदद से सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।


## कार्यालय अपर नगर मजिस्ट्रेट (सप्तम) / वन बन्दोबस्त अधिकारी, कानपुर नगर

पत्रांक 115/व0ब0अधि0/दिनॉक ,कानपुर — दिनांक: 16.02.2026

### भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा-6 के अन्तर्गत की गयी घोषणा-

भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा-4 के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार ने विज्ञप्ति संख्या 5882/14-2-4(22)-79 दिनांक 17.12.1979 द्वारा घोषित किया गया कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को आरक्षित वन के रूप में गठित करने का विनिश्चित किया गया है।

अतः भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा-6 की आवश्यकता को पूरा करने के लिये यह घोषित किया जाता है कि नीचे लिखी भूमि के आरक्षित वन बन जाने से यह परिणाम होगा कि वन विभाग की आज्ञा या अनुमति बिना नीचे लिखे को इस क्षेत्र में नहीं किये जा सकते :-

1- किसी भूमि पर अधिकार करना
2- आग लगाना, ले जाना या जलाना।
3- पशुओं को उन पर छोड़ना या चराना।
4- वृक्ष पातन (काटना) वृक्षों के पत्ते काटना, वृक्षों का चिरान करना, जलाना आदि या उनकी छाल उत्तारना।
5- पत्थर खोदना, चूना या कोयला जलाना आदि
6- भूमि तोड़ना या सफाई करके खेती योग्य बनाना।
7- अवैध शिकार करना, मछली मारना, पानी में जहर डालना।
8- हाथी मारना या पकड़ना आदि।

इन कार्यों के करने वाले व्यक्ति को भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा-26 (1) (ए) (जे) के अधीन दण्डित किया जा सकता है।

सर्व साधारण को यह भी सूचना दी जाती है कि जो व्यक्ति भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा 8 और 5 में वर्णित किसी अधिकार पर अपना दावा समझता है तो वन बन्दोबस्त अधिकारी कानपुर जिला कानपुर के सामने इस विज्ञप्ति की तारीख से 03 माह के अन्दर उपस्थित हो और अपना दावा प्रस्तुत करें या अपना दावा लिखित रूप में भेजें।

### अनुसूची

| क्र0 सं0 | जिला | तहसील | ग्राम | प्लाट नं | क्षेत्रफल | | | सीमा विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्लाक नं0- 1 | | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | | | 8 |
| 1 | कानपुर नगर | बिल्हौर | रानीपुर | | बी0 | वि0 | वि0 | पूर्व-प्लाट नं0-757, 755, 1173, 1200, 1227 1199, 1198, 1197, 1205, 1212, 1214, 1215, 1216, 1217 तथा सरहद ग्राम मदराराय गुमान<br>पश्चिम-प्लाट नं0-684, 685, 678 का भाग, 692, 674, 677, 676, 679<br>उत्तर-प्लाट नं0-684, 683, 706, 682 का भाग 707, 708 का भाग, 709, 726, 727, 728, 724, 759<br>दक्षिण-सरहद ग्राम नदिहा खुर्द तथा प्लाट नं0-741, 743, 744 |
| 2 | | | | 678- मि0 | 6 | 12 | 2 | |
| 3 | | | | 680 | 4 | 2 | 0 | |
| 4 | | | | 682-मि0 | 7 | 15 | 0 | |
| 5 | | | | 708-मि0 | 0 | 2 | 0 | |
| 6 | | | | 729 | 2 | 0 | 0 | |
| 7 | | | | 730 | 2 | 13 | 0 | |
| 8 | | | | 731 | 3 | 0 | 0 | |
| 9 | | | | 731 क | 1 | 14 | 0 | |
| 10 | | | | 740-मि0 | 2 | 11 | 5 | |
| 11 | | | | 745-मि0 | 7 | 1 | 0 | |
| 12 | | | | 746 | 25 | 3 | 0 | |
| 13 | | | | 750 | 2 | 12 | 0 | |
| 14 | | | | 751 | 9 | 0 | 0 | |
| 15 | | | | 753 | 8 | 17 | 5 | |
| 16 | | | | 752 | 5 | 5 | 0 | |
| 17 | | | | 754 | 6 | 2 | 0 | |
| 18 | | | | 1200 | 2 | 13 | 10 | |
| 19 | | | | 1201 | 3 | 15 | 0 | |
| 20 | | | | 1202 | 12 | 17 | 0 | |
| 21 | | | | 1203-मि0 | 8 | 1 | 0 | |
| 22 | | | | 1204 | 10 | 17 | 0 | |
| 23 | | | | 1213 | 5 | 8 | 0 | |
| 24 | | | | 1218 | 9 | 7 | 0 | |
| 25 | | | | 1219 | 6 | 2 | 0 | |
| | | | योग | | 153 | 10 | 2 | |
| ब्लाक नं02 | | | | | | | | |
| 1 | कानपुर नगर | बिल्हौर | रानीपुर | 893-मि0 | 4 | 12 | 0 | पूर्व-सरहद ग्राम मदरारायगुमान तथा प्लाट नं0-1144, 1143 का भाग, 1103 कच्ची रास्ता 1101 का भाग।<br>पश्चिम-प्लाट नं0-883, 882, 881, 1119, 1120, 1121, 1128, 1130 का भाग 1133, 1132 का भाग, 1135 का भाग, 758।<br>उत्तर-प्लाट नं0-891, 890 चक रोड प्लाट संख्या-898, 894, 895, 1104, 1103 कच्चती रास्ता, प्लाट नं0-1097, 1095 तथा सरहद ग्राम डुढ़वा जमौली।<br>दक्षिण-प्लाट नं0-758, 1136<br>चक रोड, प्लाट नं0-1138, 1163, 1162, 1161,1149 |
| 2 | | | | 1098 | 13 | 12 | 0 | |
| 3 | | | | 1099 | 13 | 5 | 0 | |
| 4 | | | | 1100 | 10 | 4 | 0 | |
| 5 | | | | 1101-मि0 | 7 | 0 | 0 | |
| 6 | | | | 1102 | 9 | 4 | 0 | |
| 7 | | | | 1106 | 3 | 19 | 5 | |
| 8 | | | | 1107 | 1 | 10 | 0 | |
| 9 | | | | 1109 | 0 | 10 | 0 | |
| 10 | | | | 1110 | 0 | 5 | 0 | |
| 11 | | | | 1113 | 2 | 5 | 0 | |
| 12 | | | | 1115 | 5 | 7 | 5 | |
| 13 | | | | 1116-मि0 | 8 | 8 | 18 | |
| 14 | | | | 1117 | 5 | 5 | 15 | |
| 15 | | | | 1118 | 8 | 1 | 0 | |
| 16 | | | | 1130-मि0 | 8 | 19 | 0 | |
| 17 | | | | 1131 | 7 | 18 | 0 | |
| 18 | | | | 1132-मि0 | 5 | 8 | 5 | |
| 19 | | | | 1134 | 0 | 10 | 0 | |
| 20 | | | | 1135-मि0 | 3 | 0 | 10 | |
| 21 | | | | 1139 | 3 | 18 | 10 | |
| 22 | | | | 1140 | 0 | 12 | 0 | |
| 23 | | | | 1141 | 7 | 15 | 0 | |
| 24 | | | | 1142 | 10 | 10 | 0 | |
| 25 | | | | 1143-मि0 | 8 | 10 | 0 | |
| 26 | | | | 1145 | 9 | 5 | 0 | |
| 27 | | | | 1146 | 4 | 10 | 0 | |
| 28 | | | | 1147 | 10 | 5 | 0 | |
| 29 | | | | 1148 | 7 | 14 | 0 | |
| योग | | | | | 181 | 4 | 8 | |
| कुल योग | | | | | 334 | 14 | 10 | |
| | | | | | या 169.44 एकड़ | | | |

वन बन्दोबस्त अधिकारी /
अपर नगर मजिस्ट्रेट (सप्तम)
कानपुर


# प्रदर्शनी में खादी के दिखे कद्रदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बृजेंद्र स्वरूप पार्क में चल रही प्रदर्शनी का समापन
- महात्मा गांधी ने कहा था कि खादी वस्त्र नहीं विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की बृजेंद्र स्वरूप पार्क में चल रही मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हो गया। खादी की वैरायटी ने साबित कर दिया कि खादी किसी अन्य कपड़ों की तुलना में किसी से कमजोर नहीं है।

प्रदर्शनी के समापन पर परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने प्रदर्शनी में अधिक बिक्री करने वाले उद्यमियों में प्रथम स्थान स्वराज आश्रम कानपुर द्वितीय स्थान खादी ग्राम उद्योग सेवा संस्थान कुशीनगर तथा तृतीय स्थान सर्व सेवा समिति गोरखपुर एवं ग्रामोद्योग की बिक्री करने वालों में प्रथम स्थान इकराम हुसैन मुरादाबाद द्वितीय स्थान सीमा सागर गाजियाबाद तथा तृतीय स्थान प्रेमचंद बाराबंकी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने कहा कि खादी वस्त्र नहीं विचार है, ऐसा गांधी जी ने कहा था, खादी के पृष्ठभूमि में गांधी जी द्वारा प्रतिपादित गांधी जी का अर्थशास्त्र छिपा हुआ है। गांधी जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में रोटी कपड़ा और मकान को पूरा करने के लिए स्वदेशी एवं स्वरोजगार को जोड़ते हुए स्वदेश प्रेम के द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग को जोड़ा। घर-घर में खादी के कपड़ों का उत्पादन एवं जीवन के उपयोगी रोजमर्रा की वस्तुओं की पूर्ति हेतु ग्रामोद्योग के विकास पर जोर दिया।

उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 105 स्टॉल निर्माण लगे जिसमें खादी बिक्री 28 लाख 45 लाख 300 ग्राम उद्योग उत्पाद 2295500 की गई। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त जम्मू कश्मीर बिहार मध्य प्रदेश राजस्थान उत्तराखंड आदि स्थान से खादी तथा ग्राम उद्योग इकाइयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कानपुर गौशाला सोसाइटी द्वारा पंचगव्य के उत्पादन भी जनता ने खूब सराहा। होली के समय देसी गाय के गोबर से बने लठठो का उपयोग करने हेतु गौशाला से अनुरोध किया गया, जिनकी उपलब्धता कानपुर नगर में है। अनुराग त्रिवेदी, मनोज पाठक, राजीव द्विवेदी, वरुण जोहरी, हरेंद्र निषाद, राकेश गुप्ता, राजेश कुमार एवं विवेक त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



प्रदर्शनी के अंतिम दिन सम्मानित किए गए उद्यमी। अमृत विचार

## दबंग ने युवती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** बाबूपुरवा में चाय की दुकान पर दबंग ने युवती से गाली-गलौज कर मारपीट की। इतना ही नहीं बीच बचाव करने आए युवक को भी दबंग ने पीट दिया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बर्रा विश्व बैंक बी-ब्लॉक कालोनी निवासी श्याम चौधरी की बेटी अनुष्का ने बताया कि वह राजन की दुकान पर चाय पीने गई थीं। आरोप है तभी रानी ठाकुर नामक युवक आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट की। बीच-बचाव करने आए ऋषभ को भी जमकर पीट दिया। शोर सुनकर लोग पहुंचे। भीड़ जुटने पर लोगों ने विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच व आरोपी की तलाश की जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

व्यापारियों में गुस्सा

कलक्टरगंज एसीपी कार्यालय से मात्र 50 कदम की दूरी पर हुईं चोरियां

# नयागंज में 3 दुकानों से कैश-काजू चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थाना व एसीपी कार्यालय से महज 60-70 कदम के दायरे में चोरों ने तीन दुकानों में सेंध लगा दी। दुकानों में गल्ला तोड़कर करीब एक लाख रुपये व दो गत्ता काजू चोरी कर ले गए। सुबह चोरी का पता चलने पर पहुंचे व्यापारियों ने नाराजगी जताई। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। व्यापारियों ने कहा, नयागंज बाजार में सेंधमारी से स्पष्ट है कि चोरों के हौंसले बुलंद हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

शक्कर पट्टी निवासी व्यापारी राजेश गुप्ता की नयागंज में दुकान हैं। उनके बगल में अंशुल गुप्ता व रोहित जैन की दुकान हैं। व्यापारियों ने बताया कि बुधवार सुबह तीनों दुकानदार जब दुकान पहुंचे तो दीवार में सेंध लगी देखकर सन्न रह गए। अंदर टूटे पड़े गल्ला से नकदी गायब थी। सामान अस्त-व्यस्त था। व्यापारियों ने बताया कि राजेश की दुकान से 10 हजार, रोहित के यहां 50 और अंशुल की दुकान में रखा गल्ला तोड़कर चोर करीब 30 हजार रुपये ले गए हैं। चोर दुकान से दो पेटी काजू भी ले गए।

चोरी की सूचना पर व्यापारी व क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता पहुंचे। एक ही रात तीन दुकानों में चोरी पर व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए पुलिस को सूचना दी। क्षेत्रीय संयोजक ने कहा कि होली का त्योहार नजदीक है। व्यापारियों ने माल खरीदकर दुकानों में रखा है। ऐसे में थाने के समीप चोरी की घटना से व्यापारी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। नयागंज बाजार में ऐसी घटनाएं हो रही हैं तो स्पष्ट है कि चोरों को भय नहीं है। उन्होंने थाना प्रभारी को रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने व चोरों की जल्द गिरफ्तारी, माल व नकदी बरामद करने को कहा। व्यापारियों ने कहा कि त्योहार को देखते इस समय दुकानों ने माल अधिक है। ऐसे में नियमित रात्रि गश्त होनी चाहिए। रात्रि गश्त में पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द चोरों को कपड़ा जाएगा।



मौके पर पहुंचे विनोद गुप्ता। अमृत विचार

### केबल रोल चोरी, चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

- **कानपुर।** गोविंदनगर में चोर दुकान के बाहर रखे केबिल के तीन रोल चोरी कर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शातिरों की तलाश शुरू की है। रतनलाल नगर निवासी जसपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी दुकान दादानगर आईआईए भवन जाने वाली सड़क पर स्थित है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह दुकान खोलने पहुंचे तो बाहर रखे तीन केबिल रोल गायब मिले। सीसीटीवी फुटेज देखने पर चोरी की घटना उसमें कैद मिली। फुटेज से पता चला कि रात करीब रात आठ बजे एक लोडर से आए शातिर केबिल लादकर ले गए हैं। गोविंदनगर थाना प्रभारी रिकेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर चोरों की तलाश की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### सेंट्रल स्टेशन पर 157 बेटिकट पकड़े गए

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन पर उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह के दिशा निर्देशन में चलाए गए अभियान में 157 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार स्टेशन पर गंदगी फैलाने वाले 3 लोगों को 500-500 रुपये जुर्माना लगाया गया।

### डॉ. इंद्रेश कुमार का जन्मदिन मनाया

कानपुर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक के राष्ट्रीय प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार के जन्मदिन पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक अशफाक सिद्दीकी के नेतृत्व में इफ्तिखाराबाद स्थित मदरसा अनवारूल कुरआन एवं मदरसा नूरिया में अध्ययनरत गरीब व जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री (कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर आदि) वितरित की गई। समी अंसारी, कय्यूम, वासिफ, महताब आलम आदि थे।

### गोष्ठी में कर व्यवस्था पर हुआ विचार मंथन

कानपुर। टैक्स बार एसोसिएशन में अध्ययन गोष्ठी हुई, जिसमें मुख्य वक्ता एके दरबारी ने कहा कि एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था में पंजीकृत व्यापारियों को अनेक तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे ईमानदार करदाताओं पर अनावश्यक बोझ बढ़ रहा है। ये समस्याएं एकीकृत माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 तथा केन्द्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के क्रियान्वयन से संबंधित हैं। व्यापारियों के लिए मुख्य समस्या "प्लेस ऑफ सप्लाई" निर्धारण में जटिलता, बिल टू-शिप टू" लेनदेन, सीमा पार सेवाएं व इंटरमीडियरी सेवाओं का वर्गीकरण है। प्लेस ऑफ सप्लाई में अस्पष्टता के कारण अधिकारी व्यापारियों को नोटिस जारी करते हैं तथा करारोपण करते हैं।

### विधिक शिविर के लिए निकाली गई रैली

कानपुर। विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सभागार में होगा। जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने प्रचार वाहन एवं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन विभिन्न प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर आमजन को शिविर की तिथि, स्थान एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी प्रदान करेगा। शिविर की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के प्रथम तल स्थित नवीन सभागार में बैठक हुई, जिसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय सिंह, शेष बहादुर निषाद, पियूष सिद्धार्थ, प्रभारी सीजेएम अभिनव तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# खूंखार कुत्तों के हमले से खौफ खा रहे शहरी

**45%** कुत्तों का ही अब तक बंध्याकरण

**55%** कुत्ते लगातार बढ़ा रहे हैं आबादी

**कुत्तों का आतंक**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बस्ती घनी हो या शहर का बाहरी इलाका, गलियों से लेकर सड़कों तक आवारा कुत्तों का आतंक हर कहीं है। रात में दोपहिया वाहन सवार दहशतजदा रहते हैं, तो लोग बच्चों को अकेले घर से बाहर नहीं निकलने देते। समस्या लगातार विकराल होती जा रही है, लेकिन बंध्याकरण की रफ्तार सुस्त है।

नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में करीब 1.35 लाख आवारा कुत्ते शहर की सड़कों पर लोगों के लिए समस्या बने हुए हैं। इनके आतंक से तमाम मोहल्लों में लोग देर रात अकेले घर से बाहर निकलने में कतराते हैं, मगर नगर निगम अभी तक बमुश्किल 45 फीसदी कुत्तों का ही बंध्याकरण कर पाया है, जाहिर है कि शेष 55 फीसदी कुत्ते लगातार अपनी गिनती बढ़ा रहे हैं।

शहर में आवारा कुत्तों की समस्या बुधवार को विधान परिषद में सदस्य अरुण पाठक ने जोरदारी से उठाते हुए लोगों को दहशत से निजात दिलाने के लिए आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार शहर में 1,35000 आवारा कुत्ते हैं, इनमें से अब तक 59,262 कुत्तों का बंध्याकरण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो सरकारी अस्पताल उर्सला, काशीराम, केपीएम समेत सीएचसी में कुत्ते काटने पर रेबीज का इंजेक्शन लगाया जाता है।

बीते वर्ष 2025 में जनवरी से दिसंबर तक शहर में कुत्तों के काटने पर 5400 से अधिक मामलों में सरकारी अस्पतालों में रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया है, जबकि इनके अलावा सैकड़ों ऐसे मामले हैं, जिन्होंने निजी हॉस्पिटल या मेडिकल स्टोर से खरीदकर रेबीज का इंजेक्शन लगवाया है।



अरुण पाठक ने सदन में उठाया मुद्दा।

**हाल की प्रमुख घटनाएं**

- 12 फरवरी को सरसौल में शादी समारोह से लौट रहे नौ लोगों को आवारा कुत्ते ने काटकर घायल किया।
- 17 फरवरी को गोविंद नगर की रेलवे कालोनी चौकी के इंचार्ज शशेंद्र बहादुर सिंह कुत्तों के हमले में बाइक से गिरकर घायल हो गए।
- 5 जनवरी को जुही बंबुहरिया में रात में दवा लेने निकली महिला को कुत्तों के झुंड ने हमला कर नोच डाला।
- अगस्त 2025 में श्याम नगर में कॉलेज से लौट रही बीबीए छात्रा पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर चेहरे का मांस नोच लिया था, जिसे 17 टांके लगाने पड़े थे।



- राह चलते दौड़ाने, काटने और चबाने की घटनाओं से लोग खौफजदा
- विधान परिषद में अरुण पाठक ने उठाया कुत्तों से दहशत का मामला

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

- **1.35** – लाख से ज्यादा शहर में घूम रहे हैं सड़कों-गलियों में आवारा कुत्ते
- **5400** – लोगों को पिछले वर्ष सरकारी अस्पतालों में लगाया गया रेबीज का इंजेक्शन
- **6000** – से ज्यादा लोगों ने खुद खरीद कर या निजी अस्पतालों से लगवाया इंजेक्शन

### सभी कुत्तों के बंध्याकरण में लग सकते हैं कई साल

- आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम ने फूलबाग और जाना गांव जाजमऊ में एनीमल कंट्रोल बर्थ सेंटर बना रखा है। प्रतिदिन पांच वाहन कुत्तों को पकड़ने के लिए लगा रखे गए हैं। इनके जरिये पकड़े जाने वाले 60-65 कुत्तों का रोज बंध्याकरण किया जाता है। यह कवायद कई वर्षों से चल रही है, ऐसे में शेष 55 फीसदी कुत्तों का बंध्याकरण करने में अभी कई साल लग सकते हैं।

### स्कूलों और अस्पतालों में धावा, पार्कों में अड्डेबाजी

- जिलाधिकारी ने निर्देश दे रखे हैं कि शैक्षणिक संस्थानों और अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए। इसके बावजूद स्कूलों और अस्पतालों में आएदिन कुत्ते धावा बोलते रहते हैं, पार्कों में खुलेआम घूमते हैं। नगर निगम ने कुत्तों के बढ़ते हमलों को रोकने के लिए प्रावधान किया है कि यदि कोई कुत्ता दो या उससे अधिक बार किसी व्यक्ति को काटता है, तो उसे आक्रामक मानकर एबीसी सेंटर में आजीवन कैद कर दिया जाएगा। अब तक 4 कुत्तों को ऐसी सजा दी जा चुकी है।

## कैंसर के इलाज में जरूरी कई जांचों की व्यवस्था नहीं, स्पेशलिस्ट डॉक्टर का भी अभाव

# जेके कैंसर संस्थान, सरकार का नहीं ध्यान

**हाल बदहाल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा कैंसर संस्थान जेके कैंसर बदहाली का शिकार है। प्रदेश के बजट से इसे दूर रखा गया। यहां पर कैंसर की कई महत्वपूर्ण जांच नहीं हो रही हैं। एआई व आधुनिकता के दौर में आज भी वर्षों पुरानी मशीनों से ही यहां पर काम चलाया जा रहा है, जो बीच में ही हांफ जाती हैं।

रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान में प्रतिदिन 250 से 300 मरीज इलाज के लिए ओपीडी पहुंचते हैं, जिनमे पूरे मंडल के साथ ही बांदा, फतेहपुर, जालौन, प्रयागराज, गोंडा, झांसी समेत आदि जिलों के लोग शामिल होते हैं। यहां पर मरीजों को इलाज के नाम सिर्फ परामर्श देकर पर्चे पर दवाएं ही लिखी जा रही हैं। कैंसर की जरूरी जांच व इलाज की सुविधा पर्याप्त नहीं मिल रही है।

सपा और भाजपा विधायक विधानसभा में जेके कैंसर संस्थान को पर्याप्त बजट देने की मांग कर चुके हैं लेकिन सुनी नहीं गई। विधानसभा से गठित एक टीम तत्कालीन प्रमुख सचिव डॉ.पार्थ सारथी सेन के साथ संस्थान में निरीक्षण भी कर चुकी है, जिसमे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी शामिल हुए थे। तब इसको हाइटेक कैंसर संस्थान बनाने के सपने दिखाए गए थे, लेकिन इस बात को दो साल हो गए हैं और दो बार बजट जारी किए गए, लेकिन जेके कैंसर संस्थान को कुछ नहीं दिया गया। यहां पर सिर्फ एक्सरे, अल्ट्रासाउंड व ब्लड जांच से ही काम चलाया जा रहा है। कोबाल्ट मशीन व एमआरआई मशीन का संचालन भी न के बराबर ही किया जा रहा है, जिसकी वजह से मरीजों का दर्द कम नहीं हो पा रहा है।

**40 फीसदी हेडनेक व मुंह के कैंसर के पहुंचते मरीजः** जेके कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एसएन प्रसाद ने बताया कि प्रतिवर्ष संस्थान में छह से सात हजार मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमे से दो से तीन हजार मरीजों को रेडियोथेरेपी की जरूरत होती है। संस्थान में ओपीडी का लाभ मरीजों को मिल रहा है। संस्थान में 40 फीसदी मरीज हेडनेक, 40 फीसदी मरीज मुंह के कैंसर, 11 फीसदी मरीज ब्रेस्ट कैंसर, छह से सात फीसदी सर्विक्स कैंसर और चार से पांच फीसदी मरीज गाल ब्लैडर के कैंसर से ग्रस्त रहते हैं। संस्थान में ब्रेस्ट कैंसर व अन्य माइनर सर्जरी ही की जा रही है।



"मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर संस्थान में जन सुविधाओं के अभाव की जानकारी दी थी और यह भी कहा था कि यह संस्थान कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्थान के विस्तार की भी मांग की थी। तब आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

–रमेश अवस्थी, सांसद



"जेके कैंसर संस्थान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर 50 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। शासन ने एक करोड़ रुपये उपकरणों की खरीद के लिए जारी किए थे। अब फिर से मुलाकात कर संस्थान को बजट दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

–सुरेंद्र मैथानी, विधायक गोविंद नगर



"विधानसभा में जेके कैंसर संस्थान की समस्या को दूर करने के लिए मुद्दा उठाया गया है, यहां पर संसाधनों की कमी की वजह से मरीजों को महीनों इंतजार करना पड़ता है या निजी अस्पताल चले जाते है। यहां पर लीनियर एक्सीलेटर मशीन, सीनियर रेजीडेंट डॉक्टरों की कमी को दूर करने समेत आदि की मांग की गई है।

–नीलिमा कटियार, विधायक



"जेके कैंसर संस्थान में स्वास्थ्य सुविधाएं काफी बदहाल हैं। कैंसर जांच में सहायक पैट स्कैन मशीन की सुविधा नहीं है। एक सर्जन और ऑपरेशन थिएटर है, लेकिन सर्जरी नहीं होती है। पैथोलॉजी सिर्फ नाम की है। लीनियर एक्सीलेटर मशीन नहीं है। विधानसभा में फिर से मुद्दा उठाया जाएगा।

–मो .हसन रूमी, विधायक सपा

**250** से 300 मरीज रोज आते ओपीडी में

**02** साल पहले शासन की टीम ने किया था निरीक्षण

**01** करोड़ रुपये सिर्फ दिए थे शासन ने एक बार

### संस्थान को इतनी टीम की है जरूरत

- जेके कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एसएन प्रसाद के मुताबिक तीन एनेस्थीसिया के डॉक्टर व तीन पैथोलॉजिस्ट की तैनाती है। सर्जन अंकोलॉजिस्ट के दो पद, रेडियोलॉजिस्ट का एक पद व एमएससी नर्सिंग के तीन पद खाली हैं। शासन को पत्र लिखकर छह सीनियर रेजिडेंट, छह रेडियोथेरेपिस्ट, सात सर्जिकल अंकोलॉजिस्ट व आदि की मांग की जा चुकी है। लीनियर एक्सीलेटर के संबंध में भी पत्र लिखा गया है। वर्तमान में कीमोथेरेपी हो रही है। कैंसर की जांच करने के लिए बायोप्सी की जा रही है।



सपाइयों से हवन का तसला छीनती पुलिस। अमृत विचार

# नौबस्ता अस्पताल के लिए सद्बुद्धि यज्ञ, पुलिस से झड़प

- सपा मुखिया अखिलेश यादव के फेसबुक पर तंज कसने के बाद सद्बुद्धि यज्ञ के लिए पहुंचे सपाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता स्थित केशव नगर में बनकर तैयार 100 बेड का हॉस्पिटल अभी तक शुरू नहीं हो सका है। इसको शुरू करने के लिए तारीख पर तारीख दी जा रही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे लेकर मंगलवार को अपने फेसबुक पर सरकार के खिलाफ तंज कसा तो बुधवार को समाजवादी युवजन सभा ने सदबुद्धि यज्ञ किया। यज्ञ के दौरान सपाइयों की पुलिस से छीना-झपटी हुई।

केशव नगर में बनकर तैयार 100 बेड वाले हॉस्पिटल के गेट पास प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी युवजनसभा अर्पित यादव व पूर्व राष्ट्रीय महासचिव यूथ ब्रिगेड प्रवीण सिंह अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। यहां पर सपाई हॉस्पिटल को चालू कराने के लिए सोई हुई सरकार को जगाने के लिए सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन करने लगे। तभी मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंच गया। सपाइयों ने जैसे ही आहुति देने का प्रयास किया तो पुलिस कर्मी उन्हें रोकने लगे। इसबीच सपाइयों की पुलिस से नोकझोंक हो गई। हनुमंत विहार पुलिस ने उन्हें हवन करने से रोक दिया। कुछ देर चली बहस और पूरी हवन सामग्री देखने के बाद सपाइयों ने यज्ञ में आहुतियां देकर सो रही प्रदेश सरकार के लिए सद्बुद्धि की कामना की।

### उपकरण व फर्नीचर के लिए मिला बजट

सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने मानवाधिकार आयोग में इस हॉस्पिटल के संबंध में याचिका दाखिल की थी। कहा गया कि 100 बेड का अस्पताल बनकर तैयार है, लेकिन इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बुधवार को मानवाधिकार आयोग में सुनवाई थी। जवाब में सीएमओ ने कहा है कि उपकरण व फर्नीचर के लिए बजट मिल गया है। अब जल्द से जल्द भर्तियां कर अस्पताल का संचालन शुरू कराया जाएगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष अर्पित यादव ने कहा कि अस्पताल बने एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं हैं। इलाज के लिए आज भी लोगों को हैलट, उर्सला व कांशीराम अस्पताल जाना पड़ रहा है। दक्षिण क्षेत्र से करीब 10 किलोमीटर दूर अस्पताल पहुंचने पर काफी परेशानी व जगह-जगह जाम का सामना करना पड़ता है। इस वजह से हालत और गंभीर हो जाती है। इसलिए सोई हुई सरकार को जगाने के लिए सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया है। वहीं, सपाइयों ने सरकार से जल्द अस्पताल शुरू कराए जाने की मांग की।

# 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में गड़बड़झाला

- विधान परिषद में अरुण पाठक ने नियम 115 के तहत उठाया मुद्दा, जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विधान परिषद में बुधवार को 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना की सब्सिडी में अनियमितताओं का मुद्दा उठा। सदस्य अरुण पाठक ने नियम 115 के अंतर्गत ध्यानाकर्षण सूचना देते हुए इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

पाठक ने सदन में बताया कि वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक कानपुर जिले में 625 इकाइयों को योजना का लाभ दिया गया तथा लगभग 57 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में 6 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी में गड़बड़ी सामने आई है। विजलेंस टीम की जांच में यह भी पाया गया है कि कुछ मामलों में फर्जी दस्तावेज लगाकर सब्सिडी स्वीकृत कराई गई। पाठक ने सदन में आरोप लगाया कि व्यापक अनियमितताओं के कारण पात्र लाभार्थियों को योजना का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है और बैंक व उद्योग विभाग की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार की ओर से मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक अभिलेखों सहित विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उद्योग विभाग के अधिकारियों को भी मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की दादानगर समेत अन्य शाखाओं में एक जिला एक उत्पाद योजना की सब्सिडी में भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। नियमों को ताख पर रखकर सब्सिडी में गड़बड़ी की। महाप्रबंधक की ओर से कराए गए ऑडिट में करीब नौ करोड़ रुपये की गड़बड़ी मिली थी।



सर्किट हाउस में बैठक करते आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे। अमृत विचार

# सुदर्शन नगर की हालत देखने पहुंचे रमेश कुंडे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे ने चुन्नीगंज स्थित सुदर्शन नगर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करके क्षेत्र में पेयजल, जलनिकासी, स्वच्छता एवं अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सदस्य ने स्थानीय निवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

बुधवार को आयोग सदस्य ने सर्किट हाउस में कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। सदस्य ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध होने वाले अत्याचारों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

### अवैध निजी नर्सिंग होम हॉस्पिटल को सील करें

- आयोग सदस्य ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी निजी नर्सिंग होम एवं अस्पतालों का सत्यापन कर विशेष अभियान चलाया जाए। जिन निजी नर्सिंग होम का पंजीकरण नहीं है, उनके विरुद्ध तत्काल प्रभाव से विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया जाए। साथ ही जिन नर्सिंग होम का पंजीकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप है, उन्हें उन्हीं मानकों के अनुसार संचालित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी संस्थान में आईसीयू अथवा एनआईसीयू जैसी सुविधाएं बिना विधिवत पंजीकरण के संचालित पाई जाती हैं तो संबंधित के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की जाए।

**जीत का जश्न** | कानपुर बार एसोसिएशन के चुनाव का परिणाम घोषित, विजेताओं का फूलमालाओं से किया गया स्वागत

# योगेंद्र अवस्थी अध्यक्ष और विनय मिश्रा महामंत्री बने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष व महामंत्री का परिणाम बुधवार देर शाम घोषित हुआ। अध्यक्ष पद पर जीते योगेंद्र कुमार अवस्थी को 1453 वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी दिनेश कुमार शुक्ला को 1391 वोट से संतोष करना पड़ा। वहीं महामंत्री पद पर विनय मिश्रा ने जीत दर्ज कराई। वह 82 वोट से जीते। सुशील कुमार सिंह दूसरे नंबर रहे। विनय को 1801 और सुशील कुमार को 1719 वोट मिले।

बार एसोसिएशन के 21 सदस्यीय कार्यकारिणी लिए मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार सुबह साढ़े दस बजे राम अवतार महाना हॉल में अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याशियों की मतगणना शुरू हुई। सुबह करीब 10 बजे स्ट्रांग रूम से मतपेटियां निकाली गईं। इसके बाद सभी प्रत्याशियों के सामने मतपेटियों की सील खोली गई। मतगणना ड्यूटी में लगे पूर्व सैनिकों ने मतपत्रों को फाड़ कर बंडल बनाने का काम शुरू किया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि शाम चार बजे करीब मतगणना शुरू हुई थी। कुल 7198 मतदाताओं में से 5658 ने अपने मतों का प्रयोग किया था। एल्डर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि अध्यक्ष व महामंत्री पद पर परिणाम जारी किए गए है। अन्य सभी परिणाम गुरुवार को घोषित किए जाएंगे। एडवोकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेट्री आशू शर्मा, प्रदीप तिवारी आयुष द्विवेदी आदि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।





जीत के बाद अध्यक्ष व महामंत्री। अमृत विचार

### अध्यक्ष पद पर मिले वोट

| | |
|---|---|
| संदीप कुमार सिंह | 893 |
| योगेंद्र कुमार अवस्थी | 1453 |
| सुरेंद्र कुमार कुशवाहा | 174 |
| रवींद्र शर्मा | 487 |
| दिनेश कुमार शुक्ला | 1391 |
| सर्वेश कुशवाहा | 1114 |
| रमेश चंद्र वर्मा | 107 |

### महामंत्री पद पर मिले वोट

| | |
|---|---|
| रुद्र प्रताप सिंह | 1233 |
| विनय कुमार मिश्रा | 1801 |
| हेमेंद्र कुमार श्रीवास्तव | 146 |
| रामजी दुबे | 496 |
| संगीता द्विवेदी | 32 |
| सुशील कुमार सिंह | 1719 |
| सत्येंद्र सिंह गौतम | 98 |
| चंद्रशेखर तिवारी | 33 |
| संजीव कुमार यादव | 55 |

## सिटी ब्रीफ

### सनातन महाकुंभ के मुख्य अतिथि होंगे पद्मेश

**कानपुर।** उत्तराखण्ड ज्योतिष परिषद द्वारा 28 फरवरी को माही पैलेस होटल रुड़की में सनातन महाकुंभ का आयोजन किया गया है। जिसमे पडित केए दुबे पद्मेश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहें है। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष पंडित रमेश सेमवाल ने दी। संयोजक डॉ. मुकेश सैनी ने बताया इस सम्मेलन में जगद्गुरू शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम हरिद्वार का मुख्य उद्बोधन होगा। सम्मेलन में 250 से अधिक ज्योतिष विद्वान सनातन धर्म गुरू एवं संत हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में निशुल्क परामर्श व शंका-समाधान भी किया जाएगा। सम्मेलन में दिल्ली के अजयभाम्बी, बंगलौर के आरके वैकटरमन, राजस्थान के डॉ. सतीश शर्मा सहित अन्य विद्वान मुख्य रूप से हिस्सा ले रहें है।

### कमांडर विवेक आमंत्रित

**कानपुर।** सीएसए विवि के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय के विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग डॉ एनके शर्मा ने बताया कि इंडिया एआई समिट में कमांडर विवेक आमंत्रित किए गए हैं। उन्होने 2010 में इटावा के इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद अपने करियर की शुरुआत इंडियन नेवी में सेवा देकर की। हाल ही में कमांडर विवेक को ब्रिटिश हाई कमिशन इन इंडिया द्वारा आयोजित ए आई समिट में भी आमंत्रित किया गया है।

### मॉडल किया प्रस्तुत

**कानपुर।** यूफेलिटी प्रालि ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया ,एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भाग लिया। कंपनी ने अपना एआई आधारित शैक्षणिक एप्लिकेशन 'द स्पेशल स्कूल' प्रस्तुत किया। यह एप्लिकेशन कक्षा 1-5 के पाठ्यक्रम को दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, डिस्लेक्सिया, सेरेब्रल पाल्सी और मूक बच्चों के लिए पॉडकास्ट, माइंड मैप, गेम्स और क्विज़ के रूप में सुलभ बनाता है। वर्तमान में यह प्लेटफॉर्म 450 से अधिक बच्चों को सेवा प्रदान कर रहा है। एआईटीडी की निदेशक डॉ. रचना अस्थाना ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।

### सीएसजेएमयू के मंदिर में हुआ भंडारा

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के विश्वेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को भंडारे में छात्रों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने शिरकत की और कुलप्रतिष्ठा डॉ.वंदना पाठक के साथ भगवान शिव की आराधना की। इस दौरान कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा, उपकुलसचिव प्रमोद कुमार मिश्रा, समिति के अध्यक्ष डॉ. बीपी सिंह, कोषाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, पंकज मिश्रा, चंद्रिका त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी डॉ. दिवाकर अवस्थी मौजूद रहे।

# फोन मिलाते रहे, नहीं पहुंचे कक्ष निरीक्षक

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

- पहले दिन ही 24 स्कूलों को जारी किया गया नोटिस
- स्टैटिक मजिस्ट्रेट व बाह्य केंद्र व्यवस्थापक भी गायब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में बुधवार को पहले दिन ही बड़ी संख्या में कक्ष निरीक्षक केंद्रों से गायब रहे। कक्ष निरीक्षकों के न पहुंचने पर 24 स्कूलों को विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है। एक ब्राह्य केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाई स्कूल के परीक्षार्थियों ने हिंदी व प्रारंभिक हिंदी का प्रश्न पत्र हल किया। इसी तरह इंटर के परीक्षार्थियों ने हिंदी व सामान्य व हिंदी की परीक्षा दी। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र सामान्य रहा उसे हल करने में किसी तरह की समस्या नहीं आई। कुछ परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को लंबा होने की बात कही। उधर बोर्ड परीक्षा के पहले ही दिन बड़ी संख्या में कक्ष निरीक्षकों का न पहुंचना विभाग के लिए सरदर्द बना रहा। केंद्रों से कक्ष निरीक्षकों के न पहुंचने के फोन कंट्रोल रूप में घनघनाते रहे। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के कक्ष निरीक्षक परीक्षा ड्यूटी में नहीं पहुंचे। विभाग ने 7193 कक्ष निरीक्षक परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए थे। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से भी 1639 कक्ष निरीक्षकों को ड्यूटी के लिए बुलाया गया था। बावजूद इसके परीक्षा कार्य में हर केंद्र में लगभग एक से तीन कक्ष निरीक्षकों की कमी दर्ज कराई गई। अधिकारियों का कहना है कि कक्ष निरीक्षकों के न पहुंचने पर परीक्षा कार्य में व्यधान नहीं हुआ है। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार राय ने बताया कि ऐसे कक्ष निरीक्षक जो परीक्षा कार्य में नहीं पहुंचे हैं, उनके स्कूलों को नोटिस दी गई है। विभाग की ओर से उनसे लिखित जवाब मांगा जा रहा है। उचित जवाब न देने पर उनके खिलाफ बोर्ड की नियमावली के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। फजलगंज स्थित एपीबी बालिका विद्यालय के द्वारा ब्राह्य केंद्र व्यवस्थापक के रूप में केंद्र न पहुंचने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। विभाग की ओर से उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। अब उन्हें केंद्र न पहुंचने की उचित वजह बतानी होगी।


परीक्षा के बाद प्रश्नपत्र को लेकर चर्चा करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### इन स्कूलों को भेजा गया नोटिस

- परीक्षा के दौरान केंद्रों में न पहुंचने वाले शिक्षकों के 24 स्कूलों को नोटिस जारी की गई है। इनमें पीआरडी इंटर कॉलेज, महर्षि डीबीएल उमरी, एसबीएमएमएच स्कूल बीबीपुर, संत बैरागी बाबा इंटर कॉलेज, सुभाष वीपी एचएसएस दहेली, आजाद इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जगरानी पब्लिक इंटर कॉलेज, चंद्रावती गेंदालाल इंटर कॉलेज, डीएचडी गर्ल्स इंटर कॉलेज को नोटिस भेजी गई है। इसी तरह अमर पब्लिक स्कूल तिवारीपुर, टैगोर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को नोटिस की जद में लाया गया है।

### हाईस्कूल परीक्षा

- 46159 परीक्षार्थी पंजीकृत
- 2492 परीक्षार्थी अनुपस्थित

### इंटर की परीक्षा

- 45103 परीक्षार्थी पंजीकृत
- 2119 परीक्षार्थी अनुपस्थित

### गिनती नहीं कर पाए शिक्षक

परीक्षा के दौरान डबल लॉक से प्रश्न पत्र निकालने के दौरान शिक्षक उनकी पूरी तरह गिनती नहीं कर पाएं। इस स्थिति में उन्होंने कंट्रोल रूम में प्रश्न पत्र कम आने की शिकायत की गई। इनमें नर्वल और घाटमपुर के केंद्र अधिक रहे। मामला बढ़ने पर अधिकारियों की ओर से ऑनलाइन कंट्रोल रूम के जरिए जब प्रश्न पत्रों की गिनती करवाई गई तो वह पूरे निकले। केंद्र व्यवस्थापकों का कहना है कि पांच लेयर में आने की वजह से उन लोगों से इस बाबत चूक हो गई।

## पहले उपवास पर चर्चों में हुई प्रार्थना

**कानपुर।** इसाई समाज के 40 दिन तक चलने वाले उपवास के पहले दिन बुधवार को ऐश वेडनस डे पर चर्चों में विशेष आराधना की गई जिसमें प्रभु यीशु की शान में क्वायर ने कलाम पेश किये।

बुधवार को कल्याणपुर स्थित गूबा गार्डेन में द गुड शैफर्ड चर्च में ऐश वेडनसडे (राख का बुधवार) की विशेष आराधना हुई। प्रार्थना के बाद प्रभु की महिमा में गीत गाए। आराधना में मुख्य रूप से अनुपमा मलिक, पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्तव, अनुराज मलिक, सागर, अभिमन्यु जेम्स, पादरी राज, श्रेयराज, रिक्की, निखिल अमन आदि लोग उपस्थित रहे। उधर चर्च ऑफ क्राइस्ट पांडुनगर में विशेष आराधना हुई जिसमें रेव्ह सैमुएल सिंह, लकी आदि थे। काकादेव स्थित न्यू लाइफ चर्च में पादरी डायमंड यूसुफ ने विशेष आराधना कराई।

# चांद की तस्दीक होते ही छलके खुशी के आंसू

## देर शाम चांद देखने के लिए आसमान में टिकी रहीं निगाहें, बादल होने से शहर में चांद नजर नहीं आया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान-उल-मुबारक के चांद की तस्दीक होते ही लोगों में खुशी के आंसू छलक पड़े क्योंकि इतना बरकत वाला और गुनाहों से निजात पाने वाला रमजान का महीना एक बार फिर मिल गया। लोगों ने रमजान पाने की खुशी में दो रकआत नमाज शुकराना अदा की।

बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद शाम साढ़े पांच बजे से ही चमनगंज, बेकनगंज, कुलीबाजार, बेगमपुरवा, मछरिया, बाबूपुरवा, जाजमऊ, रोशन नगर, रावतपुर, तलाक महल, कर्नलगंज, बजरिया, नाला रोड, शफियाबाद, मौला दूध का चौराहा, रशीद बनिया चौराहा समेत विभिन्न क्षेत्रों में चांद देखने के लिए भीड़ उमड़ रही। हजारों की संख्या में मस्जिदों के बाहर लोग ये जानने के लिए जमा रहे कि शहरकाजी चांद को लेकर क्या ऐलान करते हैं।

उधर अपने शहर में बादल होने के कारण मरकजी रुअते हिलाल कमेटी की बैठकें शुरु हो गयी जो देर रात जारी रहीं। कई जिलों से चांद देखने की पुष्टि हुई लेकिन तस्दीक के लिए काजियान ने जल्दबाजी नहीं की। उधर देर रात शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी, शहरकाजी साकिब अदीब मिस्बाही, मौलाना हाशिम अशरफी, मौलाना अब्दुल्लाह ओसामा कासिमी आदि उलेमा एवं मुफ्ती हजरात के साथ बैठक की। देर रात मस्जिदों से ऐलान हुआ कि चांद की तस्दीक हो गयी है तो लोगों के खुशी के आंसू छलक उठे। चारों ओर आतिशबाजी की गई। दुकानों पर कव्वाली, नातिया कलाम बजने लगे।


हलीम कालेज में तरावीह की नमाज पढ़ते लोग। अमृत विचार


बेकनगंज बाजार में खजूर की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### तरावीह शुरू : हलीम ग्राउंड पर 50 हजार नमाजी

- रमजान के चांद की तस्दीक होते ही शहर में लगभग 500 स्थानों, मस्जिदों, मदरसों, खानकाहों के परिसर में तरावीह की नमाज शुरू हो गयी। सबसे ज्यादा चमनगंज स्थित हलीम कालेज ग्राउंड में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। हलीम ग्राउंड पर लगभग 50 हजार लोग तरावीह की नमाज पढ़ रहे हैं। यहां 6 रमजान को तरावीह खत्म हो जाएगी। इसी प्रकार जामा मस्जिद शफियाबाद, गुलाब घोसी मस्जिद, चूड़ी वाली मस्जिद, मोहम्मदी मस्जिद, नूरी मस्जिद, नूर मस्जिद, गरीब नवाज मस्जिद समेत हजारों मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरु हो गयी है। बताते चलें कि रमजान के महीने में हर मुसलमान को एक कुरान सुनना अनिवार्य है। ऐसे रोजेदार जहां जल्दी तरावीह खत्म होती है, वहां तरावीह अदा करते हैं ताकि उसके बाद फ्री हो जाएं हालांकि ये तरीका बिल्कुल गलत है, कुरान पूरी सुनने के बाद भी तरावीह की नमाज पूरे रमजान पढ़ना चाहिए।

### शहरकाजी ने चांद की तस्दीक की

- रुअते हिलाल कमेटी के चेयरमैन शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी, मौलाना अब्दुल्लाह ओसामा कासमी, शिया संगठन हुसैनी फेडरेशन के प्रवक्ता डॉ. जुल्फिकार अली रिवजी ने चांद होने की तस्दीक की है। मौलाना ओसामा ने कहा कि कई स्थानों से चांद होने की तस्दीक होने के बाद ये ऐलान किया जा रहा है।

### सवालों के जवाब के लिए टीम बनाई गई

- शहरकाजी मुफ्ती डॉ. यूनुस रजा ओवैसी की अध्यक्षता में केंद्रीय कार्यालय बाबूपुरवा में बैठक हुई जिसमें हेल्पलाइन पर गुरुवार से शरई सवालों के जवाब देने के लिए टीम गठित की गई। शहरकाजी ने कहा कि हेल्पलाइन से रोजा, जकात, फितरा मसाइल के उत्तर दिए जाएंगे। बैठक में मुफ्तियान-ए-किराम, उलेमा-ए-इस्लाम ने भाग लिया। केंद्रीय काजी शहर के प्रतिनिधि सूफी लाल मोहम्मद कादरी, शम्सुल कमर रहमानी ने बताया कि प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक सवालों के जवाब दिये जायेंगे।

### यहां शरई सवाल करें

- मुफ्ती-ए-आज़म कानपुर मुफ्ती मोहम्मद शहबाज़ अनवर नूरी – 9450142632
- मुफ्ती डॉ. मोहम्मद यूनुस रजा ओवैसी (केंद्रीय काजी शहर) – 9027266792
- मुफ्ती मोहम्मद कासिम अमजदी ओवैसी – 9369854780
- मुफ्ती मोहम्मद इरफान केंद्रीय – 9005493811
- मुफ्ती मोहम्मद अजमल हुसैन मिस्बाही – 8423843572
- मुफ्ती मोहम्मद शब्बीर केंद्रीय – 8960290040
- मौलाना मोहम्मद असलम कादरी (जाजमऊ) – 8299480241
- मौलाना मोहम्मद मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही – 8318458795
- मौलाना मोहम्मद तनवीर बिलाल – 8931093682

## बेकनंगज में उमड़ी भीड़, सड़कें जाम

- सहरी-इफ्तार के लिए पकवान की तैयारियां, खजूर की बिक्री बढ़ी
- अजमेरी चौराहे समेत घनी आबादी में सहरी के लिए सजीं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान-उल-मुबारक की दस्तक के साथ शहर में लाखों बड़े, बूढ़े, बच्चे, महिलाएं, युवतियां रोजा रखेंगी, जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। बेकनगंज बाजार में लाखों खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे रास्ते भीषण जाम में फंस रहे।

बुधवार को जोहर की नमाज के बाद बेकनंगज बाजार की रौनक बढ़ गयी। महिलाएं सहरी और इफ्तार के लिए सामग्री लेने निकल पड़ीं। देर रात तक भीड़ रही। स्थिति यह रही कि शाम चार बजे के बाद रूपम चौराहा से बेकनगंज पानी की टंकी तक पैदल चलना दूभर हो गया। लोगों को रूपम चौराहा पर ही अपने संसाधन रोकने पड़े। यतीमखाना चौराहा से चमनगंज की ओर आने वाले घंटों जाम में फंसे रहे। इसी प्रकार जाजमऊ केडीए कालोनी, रावतपुर, रोशन नगर, मछरिया, बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, कुलीबाजार, रेल बाजारा, फेथफुलगंज, सुजातगंज समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रमजान की खरीदारी के लिए बाजार फुल चल रही है।

### बाजार में हजारों ई रिक्शा बने मुसीबत

- तलाक महल से रूपम चौराहा तक हजारों की संख्या में ई रिक्शों की भीड़ ने जाम को विकराल बना दिया। पानी की टंकी से बेकनगंज बाजार के अंदर महिलाओं की भारी भीड़ के कारण बाजार के अंदर जाना मुश्किल हो गया। इसी प्रकार दलेलपुरवा, टुकनिया पुरवा चौराहा से मछली तिराहा, हीरामन पुरवा, दादा मियां चौराहा, बीडी मार्केट तक भीड़ के चलते देर रात तक जाम में फंसा रहा।


बाजार में नए कपड़ों की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार



सांस्कृतिक महोत्सव में ट्रस्ट के पदाधिकारी और छात्राएं। अमृत विचार

# सांस्कृतिक महोत्सव में दिखी प्रतिभा

**कानपुर।** डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मकरॉबर्टगंज में सांस्कृतिक महोत्सव आरम्भ का आयोजन किया। अयोध्या लॉन मैकरॉबर्टगंज कानपुर में हुए आयोजन की शुरुआत डॉ. वीरेन्द्र स्वरुप मेमोरियल ट्रस्ट की चेयर पर्सन डॉ. मिनी स्वरूप, ट्रस्ट के सचिव डॉ. अलकशेन्द्र स्वरूप, ट्रस्टी नेहा स्वरूप, ट्रस्ट की संयुक्त सचिव आकांक्षा स्वरुप व संस्थान की निर्देशिका डॉ. गौरी गौर ने किया। कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मैकराबर्टगंज में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी विविध प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण चेतना भारद्वाज ने गीतों की प्रस्तुति से उत्साह भर दिया। इसी तरह लाइव प्रदर्शन ने पूरे वातावरण को संगीत की मधुरता से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रखर तिवारी, रोहित हजारिया, मोहित श्रीवास्तव, शिवम कुमार सिंह, आयुष यादव, सुनौल शर्मा, प्रगति सिंह, श्रुति अग्रवाल, प्रिया मिश्रा, अनुराधा, सिद्धि गुप्ता, अलका मिश्रा, आंचल जायसवाल सहित अन्च मौजूद रहे।

**संभागीय नाट्य समारोह** | लखनऊ की नाट्य संस्था 'यायावर रंगमंडल' ने किया नाटक का मंचन

# 'हाय हैंडसम' ने समझाई बुढ़ापे की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के लेक्चर हॉल में चार दिवसीय संभागीय नाट्य समारोह का तीसरा दिन भावनाओं और संवेदनाओं के नाम रहा। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ और विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित महोत्सव में लखनऊ की नाट्य संस्था 'यायावर रंगमंडल' ने नाटक 'हाय हैंडसम' का मंचन किया।

मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा रहे। नाटक 'हाय हैंडसम अकेलेपन से गरिमा की ओर एक सफर को दर्शाता है। जयवर्धन द्वारा लिखित और मोहम्मद हफीज के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक 'हाय हैंडसम' की कहानी कर्नल कपूर के इर्द-गिर्द घूमती है। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद कर्नल कपूर अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद घर में ही खुद को अकेले महसूस करते हैं।

नाटक में दिखाया गया कि कैसे उनका बेटा स्वामी और बहू मंदा अपनी दुनिया में व्यस्त हैं। बहू मंदा, जो मॉडलिंग के जुनून में मातृत्व और पारिवारिक सुख को त्याग चुकी है। कहानी में नया मोड़ तब आता है जब सीता देवी का प्रवेश होता है। कर्नल कपूर और सीता देवी के बीच का संवाद और उनका पुनर्विवाह का निर्णय समाज की उन रूढ़ियों पर प्रहार करता है जो मानती हैं कि बुजुर्गों को केवल एकांत में जीवन व्यतीत करना चाहिए। नाटक ने यह संदेश दिया कि उम्र केवल एक संख्या है और जवानी से ज्यादा बुढ़ापे में एक सहयात्री की आवश्यकता होती है। इस नाटक में कर्नल कपूर की भूमिका में सुनील सोनू ने एक फौजी की कड़क और एक पिता की लाचारी का शानदार अभिनय किया। सीता देवी के रूप में गरिमा यादव ने अपनी सहजता से दर्शकों की आंखें नम कर दीं। वहीं, बहू मंदा की नकारात्मक लेकिन आज की पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती भूमिका में आया सिंह और दबे हुए बेटे के रूप में सुमित श्रीवास्तव ने अभिनय किया। संगीत संचालन सचिन मिश्रा और प्रकाश व्यवस्था सर्वजीत ने नाटक की लय को टूटने नहीं दिया। यहां स्वामी हरिदास नाट्य अकादमी के निर्देशक डॉ.राज कुमार त्रिपाठी, प्रशांत यादव, प्रो. मीतकमल, आस्था श्रीवास्तव, शांभवी त्रिपाठी समेत काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे ।



सांस्कृतिक महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार


महोत्सव के दौरान छात्राओं में गजब का उत्साह दिखा। अमृत विचार

### वीरेंद्र स्वरूप विजेता

**कानपुर।** सांस्कृतिक महोत्सव दूसरे दिन गायन, माइक्रो मूवी, बैंडवार ऑस्कर रूम कलर ड्रिफ्ट जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। संयोजक वारशी सिंह ने बताया कि ओवरऑल विजेता वीरेंद्र स्वरूप इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंप्यूटर स्टडीज को घोषित किया गया। सहायक निर्देशक सुदेश श्रीवास्तव, डॉ विवेक सचान, डॉ सिधांशु राय, डॉ चारु खान, डॉ सुधीर वर्मा, डॉ संजीव कुमार, डॉ प्रशांत त्रिवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### कार्यशाला में केंद्रीय बजट का महत्व बताया

**कानपुर।** वीएसएसडी कॉलेज के वाणिज्य संकाय द्वारा केंद्रीय बजट विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चार्टर्ड एकाउंटेंट नवीन भार्गव रहे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कर कैसे लिया जाना चाहिए। कर को नदी की वाष्प (भाप )की तरह लेना चाहिए व वर्षा की तरह वापस करना चाहिए। इसके साथ ही कहा कि वर्ष 2026- 27 से नए आयकर कानून में असिस्मेंट ईयर व प्रोविजन ईयर को समाप्त कर केवल टैक्स ईयर की अवधारणा को शामिल किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ईमानदारी पूर्वक कर देने वाले व जीडीपी में सक्रिय योगदान करने वाले ईमानदार करदाताओं की पहचान कर सरकार उनकी सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करें। संकायाध्यक्ष प्रो मनोज अवस्थी ने कहा कि सरकार का आर्थिक वित्तीय विवरण होता है। जिसमें सरकार की अनुमानित आय-व्यय का अनुमान होता है। कार्यशाला में प्रो. संजीव शुक्ला, प्रो. बीके दीक्षित, प्रो .पंकज पाण्डेय, प्रो .नंदलाल ,डॉ अजय शुक्ला, डॉ ओपी जायसवाल, डॉ अभिषेक कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।


कार्यशाला में विचार रखते वक्ता।



संगोष्ठी में विषयवस्तु पर विचार रखते वक्ता।

### संगोष्ठी के अंतिम दिन 130 शोध पत्र पढ़े गए

**कानपुर।** आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय में 'इक्कीसवीं सदी में नागरिक सहभागिता की पुनर्परिभाषा : एक सशक्त लोकतंत्र की ओर' विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। दो दिवसीय संगोष्ठी के अंतिम दिन130 शोध पत्रों का वाचन किया गया। देशभर से आए शोधार्थियों एवं शिक्षाविदों ने लोकतंत्र में नागरिकों की भूमिका, जन-भागीदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। समापन सत्र के मुख्य अतिथि क्राइस्ट चर्च कॉलेज के राजनीति विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एके वर्मा मौजूद रहे। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जन-भागीदारी और आलोचनात्मक चेतना से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीएमओ डॉ. के. स्वरूप ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं की विशेष भूमिका है। युवाओं की एकजुटता से समाज का परिदृश्य सकारात्मक रूप से परिवर्तित हो सकता है। कार्यक्रम का संयोजक डॉ. आकांक्षा गौर ने किया। डॉ. सुवाति, सह-संयोजक डॉ. सुवाति, सचिव दीक्षा सिंह, डॉ. प्रेरणा प्रिया, डॉ. शबीना अंसारी एवं डॉ. पूजा शुक्ला मौजुद रहीं।


रक्तदान करते भक्त। अमृत विचार

### भक्तों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** शास्त्री नगर काली मठिया स्थित मां काली के दरबार में विराजमान मां काली का 55वां स्थापना दिवस भक्तों ने रक्तदान कर मनाया। भक्तों ने रक्तदान कर समाज में यह संदेश प्रसारित किया कि किसी के जरूरी पर रक्तदान करके उसके जीवन को बचाने जैसा पुण्य कार्य कोई अन्य नहीं हो सकता है। स्थापना दिवस पर कामना की, कि मां काली-भवानी सभी को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। इस दौरान उदयभान सिंह, केके सिंह, श्रीकांत मिश्रा, सुमित गुप्ता, सन्नी निगम, संजय राजपूत, दीप राजपूत, विनीत श्रीवास्तव, अजीत सिंह, मिंटू यादव, मोनू भाटिया, विनोद वर्मा समेत आदि रहे।

